




सांध्य दैनिक

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534

डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच








वर्ष- 14 अंक - 282 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, मंगलवार 25 जुलाई 2023 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-



आवश्यकता है

मीडिया हाउस

में काम करने के लिए
ऑफिस बॉय की जरूरत है।

8 से 10 हजार रुपए तक वेतन

पता : शॉप नंबर 12, रेलवे क्रासिंग के पास, आकाशगंगा , सुपेला, भिलाई

संपर्क : 9827806026, 8319932659



## हर भाजपाई चक्रव्यूह तोड़ने में माहिर है कांग्रेस का अभिमन्यू

# ताम्रध्वज के सामने भाजपाई मैदान पूरी तरह साफ

श्रीकंचनपथ न्यूज़

**भिलाई।** 2018 में जब कांग्रेस आलाकमान ने तत्कालीन सांसद ताम्रध्वज साहू को विधानसभा चुनाव लड़वाने का फैसला किया तो कई लोगों को यह फैसला असहज लगा था, लेकिन यह साहू के लिए चुनौती के साथ ही मील का पत्थर भी साबित होने वाला था। एक चुनाव को छोड़ दें तो ताम्रध्वज साहू अब तक अपराजेय रहे है। विरोधियों के हर चक्रव्यूह को तोड़ने में वे माहिर है और ऐसा उन्होंने साबित भी किया। चुनाव जीतने के बाद उन्हें गृह, पीडब्ल्यूडी व पर्यटन जैसे महत्वपूर्ण विभाग सौंपे गए। विपक्ष भले ही कोई भी आरोप लगाए, किन्तु हकीकत यह है कि छत्तीसगढ़ के प्रभावशाली मंत्री के रूप में ताम्रध्वज साहू ने बखूबी अपने दायित्वों का निर्वहन किया है। तीन महीने बाद विधानसभा के चुनाव होने हैं और दुर्ग ग्रामीण सीट में विपक्ष पूरी तरह साफ है।

अभी हाल ही में छत्तीसगढ़ के सत्ता और संगठन में कुछ आमूलचूल परिवर्तन हुए। पार्टी से नाराज चल रहे टीएस सिंहदेव को सत्ता संतुलन के लिहाज से डिप्टी सीएम का पद दिया गया। ऐसे में एक और कद्दावर नेता ताम्रध्वज साहू का कद बढ़ाया जाना भी जरूरी था। इसलिए साहू को वह कृषि मंत्रालय दिया गया तो भूपेश बघेल सरकार की रीढ़ है। कहने का आशय यह कि ताम्रध्वज साहू कद के लिहाज से कहीं कमतर न हों, इस बात का विशेष तौर पर ध्यान रखा गया। दरअसल, कांग्रेस पार्टी ताम्रध्वज साहू के जरिए छत्तीसगढ़ में साहू समाज को अपने साथ रखने की रणनीति को भी अमल में ला रही है।



बस्तर और सरगुजा संभाग में आदिवासियों के बीच लीड हासिल करने के बाद अब कांग्रेस ने ओबीसी पर फोकस किया है। सीएम भूपेश स्वयं ओबीसी वर्ग से हैं और कुर्मी समाज से आते हैं। ऐसे में ओबीसी का ही एक दूसरा और बड़ा वर्ग साहू समाज को भी साथ लेने और साधने की जुगत जरूरी थी। ज्ञात हो कि 2018 से पहले तक साहू समाज भाजपा के पक्ष में खड़ा रहा था। किन्तु ताम्रध्वज साहू को विधानसभा का टिकट मिलने के बाद यह समाज कांग्रेस के पक्ष में आ गया।

दुर्ग ग्रामीण क्षेत्र की बात करें तो हाई प्रोफाइल इस क्षेत्र में कोरोना काल को छोड़ दें तो खूब काम हुए हैं। विकास क्योंकि एक सतत् प्रक्रिया है, इसलिए विपक्ष इसमें मीन-मेख (कमियां) निकालता रहता है। हकीकत यह है कि एक जागरूक और जिम्मेदार विधायक व मंत्री के रूप में ताम्रध्वज साहू ने क्षेत्र के विकास के लिए हरसंभव काम करवाए हैं। करीब सवा 2 लाख मतदाताओं वाला दुर्ग ग्रामीण क्षेत्र 2008 में परिसीमन के बाद अस्तित्व में आया था। ओबीसी बाहुल्य होने के कारण दोनों ही दल यहां ओबीसी प्रत्याशी उतारते रहे हैं। 2008 में कांग्रेस ने प्रतिमा चंद्राकर तो भाजपा ने प्रीतपाल बेलचंदन को मैदान में उतारा था। प्रतिमा चंद्राकर ने जीत हासिल की लेकिन अगली दफा 2013 के चुनाव में वे भाजपा की रमशीला साहू से पराजित हो गईं थीं। इसके बाद 2018 में कांग्रेस ने अंतिम समय में भाजपा के जागेश्वर साहू के सामने ताम्रध्वज साहू का कार्ड खेलकर भाजपा को चारों खाने चित्त कर दिया था। ताम्रध्वज ने इस चुनाव में 24 हजार से ज्यादा मतों से जीत दर्ज की थी। वर्तमान में भी इस क्षेत्र में साहू व कुर्मी मतदाताओं की बाहुल्यता है। जाहिर है कि ताम्रध्वज साहू के सामने भाजपा, साहू या कुर्मी प्रत्याशी ही उतारेगी।

### समाज की बागडोर से कांग्रेस की राजनीति

90 के दशक में साहू समाज के जिलाध्यक्ष के रूप में काम करने वाले ताम्रध्वज साहू छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद समाज के प्रदेश अध्यक्ष बनाए गए। 1998 में कांग्रेस पार्टी की टिकट पर धमधा क्षेत्र से विधायक निर्वाचित हुए। कोयला और इस्पात संबंधी स्थायी समिति में रहे। 2000 में जब पृथक छत्तीसगढ़ राज्य बना तो उन्हें जोगी मंत्रिमंडल में शिक्षा और जलसंसाधन विभाग का प्रभार मिला। 2003 में इसी क्षेत्र से वे दूसरी बार चुनाव जीते। 2008 में हुए परिसीमन के बाद साहू को क्षेत्र बदलना पड़ा। इस बार बेमेतरा से चुनाव लड़कर उन्होंने जीत की हैट्रिक बनाई। लेकिन 2013 के चुनाव में वे बेमेतरा क्षेत्र से ही भाजपा के अवधेश सिंह चंदेल से चुनाव हार गए थे। इसी के बाद 2014 में पार्टी ने उन्हें लोकसभा प्रत्याशी बनाया। ताम्रध्वज साहू को आज भी साहू समाज का अग्रणी और सर्वमान्य नेता माना जाता है। साहू, वर्तमान में भी एकजुट दिखते हैं और कांग्रेस के पक्ष में खड़े हैं।

### हाईकमान ने दिया पूरा सम्मान

2014 में कांग्रेस आलाकमान ने ताम्रध्वज साहू को लोकसभा का प्रत्याशी बनाया था। यह वह वक्त था, जब साहू 2013 में बेमेतरा क्षेत्र से विधानसभा का चुनाव हार गए थे। ऐसे में उन्हें लोकसभा का प्रत्याशी बनाना पार्टी का बड़ा और साहसिक फैसला था और इससे जाहिर होता है कि आलाकमान को ताम्रध्वज साहू पर पूरा भरोसा था। साहू ने पार्टी को निराश भी नहीं किया। उन्होंने भाजपा की कद्दावर नेत्री सरोज पाण्डेय को हराकर सनसनी फैला दी थी। बता दें कि साहू ने ऐसे वक्त में जीत हासिल की थी जबकि पूरे देश में मोदी लहर चल रही थी। इसी के बाद पार्टी आलाकमान ने ताम्रध्वज साहू को ओबीसी विभाग का राष्ट्रीय अध्यक्ष भी बनाया। 2018 में आलाकमान को साहू की उपयोगिता राज्य में दिखी तो उन्हें विधानसभा में उतारा गया। पार्टी नेतृत्व के हर भरोसे पर खरा उतरने की ही वजह से उन्हें सीएम पद का प्रमुख दावेदार भी माना गया। बाद में प्रदेश में उन्हें नंबर 2 का दर्जा भी मिला।

### क्षेत्र को मिली विकास की सौगातें

सत्तारूढ़ दल के विधायकों को घेरने की प्रादेशिक रणनीति के तहत भाजपा ने पिछले दिनों मंत्री ताम्रध्वज साहू के निवास का भी घेराव किया। इस दौरान भाजपा ने दर्जनों आरोप लगाए, लेकिन यह मात्र आरोप तक ही सीमित हैं। वास्तविकता तो यह है कि रमन मंत्रिमंडल में जब रमशीला साहू मंत्री थीं तब क्षेत्र को विकास के लिए तरसना पड़ा था। रमशीला साहू पर निष्क्रियता तक के आरोप लगे थे। शायद यही वजह थी कि पार्टी ने उन्हें टिकट देना भी मुनासिब नहीं समझा था। चुनाव जीतने के बाद ताम्रध्वज साहू ने क्षेत्र में सड़कों का जाल बिछाया, शिक्षा और चिकित्सा के क्षेत्र में बड़े काम करवाए। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों का उन्नयन कराया। नए महाविद्यालय खोले गए। क्षेत्र की बड़ी उपलब्धि के रूप में रिसाली क्षेत्र को नगर निगम बनाया गया। भाजपा के आरोपों में कितनी सच्चाई है, इसका आंकलन क्षेत्र में उतरकर किया जा सकता है। हकीकत यह है कि ताम्रध्वज साहू के चुनाव जीतने के बाद इस पूरे क्षेत्र का नक्शा बदला है। पूरे विधानसभा क्षेत्र में हजारों करोड़ रूपयों के काम हुए हैं और अब भी चल रहे हैं।

## खास - खबर



### मुख्यमंत्री और गृहमंत्री को अपशब्द लिखने पर मासिक पत्रिका के संपादक पर एफआईआर दर्ज

**भोपाल।** राजधानी के गोविंदपुरा थाने में एक मासिक पत्रिका प्वाइंट मीडिया के संपादक पर मुख्यमंत्री और गृहमंत्री के बारे में अपशब्द लिखकर प्रकाशित करने पर एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस ने इसे संवैधानिक पद का अपमान बताया गया है। पुलिस जल्द ही संपादक पर गिरफ्तार करने की कार्रवाई करेगी। पत्रिका के प्रकाशित जिस लेख पर संपादक पर प्रकरण दर्ज किया गया है, वह 15 जून से 23 जुलाई 2023 के बीच प्रकाशित हुई थी। गोविंदपुरा पुलिस के मुताबिक राजेश मिश्रा , तारिक सिद्दीकी, जगदीश पटेल , निर्भय सिंह धाकड़, सुमित धाकड़ ने लिखित शिकायत की थी, इसमें उल्लेख किया गया कि इस मासिक पत्रिका के संपादक नरेंद्र सिंह ने अपने लेख में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा के बारे में आपत्तिजनक शब्दों का उपयोग किया गया है।उनके लेख में काफी हिंदू धर्म आ संवैधानिक पद पर बैठे लोगों का अपमान किया गया है। इस आधार पर उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।




### मणिपुर में जातीय हिंसा के खिलाफ आइजॉल में सड़कों पर उतरे लोग

**आइजॉल।** हिंसाग्रस्त मणिपुर में दो आदिवासी महिलाओं के साथ हुई बर्बरता और केंद्र की कथित निष्क्रियता को लेकर मिजोरम नागरिक समाज समूहों ने मंगलवार को आइजोल में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन किया। यह विरोध सोशल मीडिया पर सामने आए एक वीडियो के मद्देनजर आया है, जिसमें मणिपुर के कांगपोकपी जिले में भीड़ को दो महिलाओं को नग्न परेड करने के लिए मजबूर करते हुए दिखाया गया है।

सेंट्रल यंग मिज़ो एसोसिएशन के नेता प्रोफेसर लालनंटलुआंगा ने कहा कि वे मणिपुर में ज़ो जातीय लोगों पर हुए अत्याचारों की निंदा करने और उनके साथ एकजुटता दिखाने के लिए सड़कों पर उतरे। मणिपुर में कुकी मिज़ोस के साथ घनिष्ठ जातीय संबंध साझा करते हैं, जिससे यह मुद्दा मिज़ोरम में नागरिक समाज के लिए काफी महत्वपूर्ण हो जाता है।

बढ़ा भारतीय रुपए का कद

## श्रीलंका सरकार ने दी भारतीय मुद्रा को अंतरराष्ट्रीय मान्यता, अब रुपए से हो सकेगा लेनदेन

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** श्रीलंका की सरकार ने भी भारतीय रुपया को अंतरराष्ट्रीय मुद्रा के रूप में मंजूरी दे दी है। अब भारत और श्रीलंका के बीच भारतीय मुद्रा में व्यापार हो सकेगा। इससे भारतीय मुद्रा की अंतरराष्ट्रीय बाजार में उपयोगिता बढ़ेगी। यही नहीं भारतीय नागरिक श्रीलंका में पर्यटन के लिहाज से भी भारतीय मुद्रा का उपयोग कर पाएंगे। इससे व्यापार तो बढ़ेगा ही साथ ही पर्यटन में भी तेजी से विकास होगा।

बता दें श्रीलंका पहला देश नहीं है, जिसने भारतीय मुद्रा को अपने यहां मान्यता दी है। इसके पहले भी कई देश भारतीय रुपए को अंतरराष्ट्रीय मान्यता दे चुके हैं। भारतीय रुपया ने धीरे-धीरे डॉलर व पाउंड



को टक्कर देने की तैयारी कर ली है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (RBI) के मुताबिक दुनियाभर के 64 देश भारत के साथ रुपए में व्यापार करने के लि बातचीत कर रहे हैं। इसमें जर्मनी, इस्राइल जैसे बड़े देश शामिल हैं। पहली बार यूरोपीय यूनियन में शामिल देश जर्मनी एशिया की किसी मुद्रा यानी भारतीय रुपए के साथ व्यापार करने के लिए आगे आया है।

### अमेरिकी डॉलर दुनिया की सबसे ताकतवर मुद्रा

अपको बता दें कि फिलहाल अमेरिकी डॉलर दुनिया की सबसे ताकतवर मुद्रा है। कुल वैश्विक व्यापार में इसकी हिस्सेदारी 80 फीसदी के करीब है। भारत भी विदेशी आयात-निर्यात के लिए डॉलर पर ही निर्भर है। अब इसमें बदलाव हो रहा है जो कि अच्छे संकेत हैं। कई देशों ने भारतीय मुद्रा में लेनदेन की मंजूरी दे दी है और कई देशों से बातचीत भी हो रही है। इससे डॉलर पर निर्भरता घटेगी और रुपया अंतरराष्ट्रीय बाजार में मजबूत होगा।

### ऐसे बनेगा रुपया अंतरराष्ट्रीय मुद्रा

जानकार बताते हैं कि भारतीय रुपया को अंतरराष्ट्रीय मुद्रा बनने के लिए कम से कम 30 देशों के साथ कारोबार शुरू करना पड़ेगा। यदि विश्व के 30 देश भारतीय रुपए को व्यापार के लिए मान्यता देते हैं तो फिर रुपया अंतरराष्ट्रीय मुद्रा बन जाएगा। रूस और श्रीलंका के साथ-साथ चार अन्य अफ्रीकी देश इसके लिए मंजूरी दे चुके हैं। इसके अलावा 17 ऐसे देशों में भारत ने वोस्ट्रो खाते खोले हैं। इन 17 देशों में 12 भारतीय बैंकों को मंजूरी दी गई है। इस लिस्ट में एसबीआई, केनरा बैंक, यूनियन बैंक ऑफइंडिया, यूको बैंक, एचडीएफसी बैंक, इंडसइंड बैंक, यस बैंक और आईडीबीआई बैंक शामिल हैं।

### अरबों डॉलर की होगी बचत

जानकारों का यह भी कहना है कि यदि भारतीय रुपए से विदेशों में व्यापार करने पर डॉलर की निर्भरता घटेगी साथ की अरबों डॉलर भी बचेंगे। कच्चे तेल समेत जो भी उत्पाद दूसरे देशों से आयात किया जाता है, उसका भुगतान रुपए से होगा तो कारोबार की लागत भी घटेगी। विदेशी मुद्रा खासकर डॉलर पर निर्भरता घटने से भारत पर बाहरी प्रभावों का कम असर होगा। रुपये में व्यापार बढ़ने के साथ ही रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (RBI) को भारतीय मुद्रा के लिए खरीदार तलाशने की जरूरत नहीं होगी। इससे अंतरराष्ट्रीय बाजार में रुपए की कीमत भी बढ़ेगी।

## सफाई कर्मचारियों की हुई है नियुक्ति, फिर भी बच्चों से कराया जा रहा काम, धुलवा रहे कपड़े-बर्तन, परिजनों में नाराजगी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**जीपीएम।** सरकार अनुसूचित जाति कल्याण विभाग को बच्चों की पढ़ाई और उनके रहने के लिए लाखों रुपए का फंड देती है। बावजूद इसके छात्रावास द्वारा बच्चों से काम कराया जाता है। ऐसा ही एक मामला गौरेला पेंड्रा मरवाही (जीपीएम) जिले से सामने आया है। जहां कुछ छात्राओं से काम कराया जा रहा है।



जानकारी के अनुसार पूरा मामला मरवाही ब्लॉक के सेमरदर्री कन्या छात्रवास का है। जहां कुछ छात्राओं को छात्रावास के बाहर पानी लाने को कहा जा रहा है। इस घटना का वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल होने लगा है। जिसमें देखा जा सकता हैं कि बच्चे कैसे छात्रावास के बाहर से कुछ छात्राएं पानी भरकर ले जा रहे हैं। वीडियो सामने आने के बाद छात्राओं के परिजनों में नाराजगी देखने को मिल रही है।

छात्रावास में बच्चों के साथ हो रहे शोषण पर सवाल उठता है कि बच्चें अपनी पढ़ाई करें या छात्रावास का काम। आपको बता दें कि छात्रावास में सफाई, बर्तन साफ करने, कपड़े धोने के लिए कर्मचारियों की नियुक्ति की गई है। लेकिन छात्रावास में स्टाफ के नहीं रहने के कारण बच्चों को काम करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।

## आवासीय विद्यालय में नाबालिग छात्रा के साथ रेप आश्रम अधीक्षिका और स्टाफ पर कार्वाई के निर्देश

श्रीकंचनपथ न्यूज

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले के एर्राबोर पोटाकेबिन स्थित आवासीय विद्यालय में अध्ययनरत नाबालिग छात्रा के साथ दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत के बाद हड़कंप मच गया। हालांकि पुलिस ने अज्ञात आरोपित के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

घटना की जानकारी मिलते ही सुकमा जिले के कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक आवासीय



विद्यालय पहुंचे। वहीं आबकारी मंत्री कवासी लखमा ने इस घटना की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा, इस मामले की जांच के आदेश दिए हैं। जल्द ही इस वारदात को अंजाम देने वाने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### अधीक्षिका व स्टाफपर सख्त कार्वाई के निर्देश

इधर, सुकमा पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण ने घटना की जांच के लिए एएसपी गौरव मंडल के नेतृत्व में 8 सदस्यों की टीम गठित की है। साथ ही पोटाकेबिन आश्रम अधीक्षिका और स्टाफ के खिलाफ सख्त कार्वाई के निर्देश दिए हैं। सर्व आदिवासी समाज के सदस्यों ने भी शिकायत दर्ज कराई है।

## चार दिन पहले बता दिया बंद रहेगी दारू दुकान

श्रीकंचनपथ




तीज त्यौहारों पर शराब दुकानों को बंद रखने का चलन पुराना है। इसके अलावा राष्ट्रीय पर्वों पर भी शराब दुकानें और आखेट परिसर बंद रखे जाते हैं। सबको पता है - बेवड़ों को भी। एक दिन पहले भी बता देते तो भी कोई खास फर्क नहीं पड़ता। बेवड़ों को आदत है एक दिन पहले ही लाइन लगाकर अपना जुगाड़ कर लेने की। चार दिन पहले बताने की जरूरत नहीं थी। दरअसल, यह सूचना बेवड़ों के लिए नहीं बल्कि उन लोगों को भरमाने के लिए जारी की जाती है जिन्हें लगता है कि उनके पर्व पर शराबखोरी नहीं होनी चाहिए। दारू दुकान के बंद होने से शराबखोरी बंद हो जाती है, इस बात का कोई प्रमाण नहीं है। लोग एक दिन तो क्या दो-तीन या चार दिन का कोटा भी पहले से खरीद कर रख सकते हैं। यकीन न आता हो तो ड्राय-डे से पहले शराब दुकानों पर लगने वाली भीड़ को देख लें। कहीं जाने की जरूरत नहीं है, मीडिया और खासकर सोशल मीडिया यह काम आपके लिए कर देगी। पूरी जानकारी, मय फोटो और वीडियो के आपके फोन पर होगी। वैसे भी मामला दारू का है। दारू बेचने के लिए न तो मौके की दुकान की जरूरत पड़ती है और न ही किसी विज्ञापन की। यही एक मात्र ऐसा धंधा है जो कभी मंदा नहीं पड़ता। ऊपर से छत्तीसगढ़ में दारू दुकानें भी सरकार की ही हैं। बिना बताए भी बंद कर सकती थी। पर इससे बड़ा नुकसान हो जाता। ड्राय-डे तो दारू की सेल बढ़ाने की तकनीक मात्र है। एक ही दिन में 4-5 दिन की सेल हो जाती है। मगर, ड्राय-डे से एक दिन पहले लगने वाली भीड़ से बेवड़ों को परेशानी होती थी। पैसा मिलाकर पव्वा खरीदने वाले परेशान होते थे। पव्वा खत्म हो जाता था या फिर दुकानदार बम्पर बेचने में इतना मशगूल हो जाता था कि इनकी चीख पुकार पर ध्यान ही नहीं देता था। इसलिए यह सरकार का फर्ज बनता था कि वह वक्त रहते उन्हें याद दिला दे कि त्यौहार आने वाला है। दारू दुकान बंद होने वाली है, आखिरी दिन की भीड़ से बचना है तो पहले से अपना बंदोबस्त कर लो। दरअसल, 75 साल की नवाबी ने हिन्दुस्तानियों की आदत खराब कर दी है। अब विद्यार्थियों से लेकर नौकरीपेशा, सभी लोग लास्ट डेट पर काम करने लगे हैं। टैक्स पटाने के लिए आखिरी दिन लाइन लगेगी, फीस पटाने के लिए, परीक्षा फार्म भरने के लिए, यहां तक कि एडमिशन लेने के लिए भी लोग लास्ट डेट का इंतजार करते हैं। जब लास्ट डेट आता है तो एक ही दिन में पास पोर्ट फोटो, फोटोकापी से लेकर चालान भरने तक का काम करने की कोशिश करते हैं। जानकारों को तो यह भी पता होता है कि किस-किस काम के लिए सरकार लास्ट डेट तब तक बढ़ाते रहने वाली है जब तक उसका हिसाब किताब पूरा नहीं हो जाता।




## संपादकीय

# चर्चा के लिए हंगामा

संसद में गतिरोध का सोमवार को भी जारी रहना दुखद व निराशाजनक है। सत्ता पक्ष संसद की कार्यवाही न चलने के लिए विपक्ष को और विपक्ष लगातार सत्ता पक्ष को निशाने पर लिए हुए है। चुनावी छाया संसद पर साफ मंडराने लगी है। विपक्ष नियम 267 के तहत चर्चा और प्रधानमंत्री के जवाब की मांग कर रहा है, जबकि सत्ता पक्ष का कहना है कि विपक्ष संसद में चर्चा नहीं चाहता है। राज्यसभा में तो हंगामे की वजह से आम आदमी पार्टी के सदस्य संजय सिंह को पूरे सत्र के लिए निलंबित कर दिया गया है। जाहिर है, इससे सत्ता पक्ष के कड़े रुख का संदेश विपक्षी दलों के बीच गया है और अब विपक्षी दल पहले की तुलना में ज्यादा आक्रामक हो जाएं, तो आश्चर्य नहीं। हालात सियासत के लिए तो मुफीद हैं, मगर संसद के लिए ठीक संकेत नहीं हैं। संसद में कामकाज जरूरी है, कार्यवाही न चलने से परेशानी हो रही है और अगर कार्यवाही सामान्य ढंग से नहीं चलेगी, तो परेशानियां बढ़ती ही जाएंगी। देश की सियासत को दिशा देने वाले बड़े नेताओं को सोचना पड़ेगा। सियासत के लिए बारह महीने हैं, पर संसद के लिए तीन से चार महीने ही होते हैं। इन महीनों की विधायी मेहनत से ही देश आगे बढ़ता है। मणिपुर पर चर्चा हो, इसे लेकर मोटे तौर पर दोनों पक्षों की सहमति है, तो दोनों पक्षों को इस सहमति को जमीनी स्तर पर साकार भी करना चाहिए। विपक्ष ने अगर सीधे प्रधानमंत्री को निशाने पर ले रखा है, अगर उसका हठ केवल प्रधानमंत्री का जवाब सुनने पर केंद्रित है, तो वाकई आने वाले दिनों में परेशानी बढ़ने वाली है। भाजपा कदापि नहीं चाहेगी कि प्रधानमंत्री सामने आकर जवाब दें और एकजुट विपक्ष की मांग पूरी हो। राजनीति में नाक का सवाल अक्सर बहुत बड़ा हो जाता है और इस चक्कर में सदन का काफी समय पहले भी खराब हुआ है। दोनों पक्षों को चर्चा का महत्व समझना होगा। इसमें कोई शक नहीं है कि चर्चा में दोनों ही पक्ष एक-दूसरे की कमियां गिनाते हैं। तर्क और तथ्य से सत्ता और विपक्ष के बीच एक संतुलन बनता है। तार्किक फैसले लेने में सुविधा होती है और देश भी साफ तौर पर समझ पाता है कि ज्यादा सही कौन है। आज गठबंधन की राजनीति के दौर में कोई भी दल ऐसा नहीं है, जिसे पूरा सही बता दिया जाए। हां, चर्चा से ज्यादा सही फैसले तक पहुंचना आसान हो जाता है और इसीलिए चर्चा जरूरी है। मणिपुर में प्रमुख समुदाय अभी बंटे हुए हैं और उनके बीच बढ़ रही दरार हर संवेदनशील भारतीय को चिंतित कर रही है। यह उचित नहीं कि कुकी का खुलेआम समर्थन किया जाए या मैतेई के पक्ष में नारे लगाए जाएं। चर्चा हो, तो इन दोनों समुदायों का दर्द सामने आएगा। हालांकि, अनेक नेता राजस्थान और छत्तीसगढ़ की घटनाओं पर भी चर्चा चाहते हैं। क्या मणिपुर के बहाने चर्चा को व्यापक करने में कोई नुकसान है? महिलाओं का शोषण कहां नहीं होता है? आदिवासियों की उपेक्षा कहां नहीं होती? अभी जरूरत कुकी या मैतेई के पक्ष में अलग-अलग सोचने की नहीं, बल्कि एक मणिपुरी या आम भारतीय के रूप में सोचना चाहिए। मणिपुर में अविश्वास की खाई बहुत गहरी हो गई है। समुदायों ने एक-दूसरे का विश्वास तोड़ दिया है, अतः जरूरी है कि विश्वास की बहाली से पहले सदन में विस्तृत संवाद हो। प्रबुद्ध सांसद आरोप के साथ समाधान के रास्ते भी बताएं, ताकि महिलाओं के शोषण को रोकने और आदिवासियों, वंचितों व पिछड़ों के साथ न्याय का देशव्यापी माहौल बनाने में सहूलियत हो।

> “ तर्क और तथ्य से सत्ता और विपक्ष के बीच एक संतुलन बनता है। तार्किक फैसले लेने में सुविधा होती है और देश भी साफ तौर पर समझ पाता है कि ज्यादा सही कौन है। आज गठबंधन की राजनीति के दौर में कोई भी दल ऐसा नहीं है, जिसे पूरा सही बता दिया जाए। हां, चर्चा से ज्यादा सही फैसले तक पहुंचना आसान हो जाता है और इसीलिए चर्चा जरूरी है। मणिपुर में प्रमुख समुदाय अभी बंटे हुए हैं और उनके बीच बढ़ रही दरार हर संवेदनशील भारतीय को चिंतित कर रही है।

## दुनिया देख रही है तो चर्चा भी कर रही है

मणिपुर में जो हो रहा है उसे चाहे कितना भी छिपाने की कोशिश की जाए, दुनिया उसे देख रही है और उस पर चर्चा भी कर रही है। राज्य में तीन मई को जातीय हिंसा शुरू हुई थी और उसी दिन से इंटरनेट बंद है। इसके बावजूद हिंसा की भयावह तस्वीरें दुनिया तक पहुंची हैं। पिछले हफ्ते 'गपशप' कॉलम में एपी की फोटो की लिंक दी गई थी, जिसमें मणिपुर की दिल दहला देने वाली और चिंता में डालने वाली तस्वीरें थीं। ये तस्वीरें सारी दुनिया ने देखीं। उसी तरह मणिपुर में दो महिलाओं को निर्वस्त्र करके सड़क पर घुमाने और उनके साथ यौन हिंसा किए जाने का वीडियो भी सारी दुनिया ने देख लिया। इसे कितना भी छिपाने या दबाने की कोशिश की गई वह सामने आ गया।

सोचें, यह कितनी बचकानी बात है कि सरकार यह सोचती है कि आज के जमाने में इंटरनेट बंद कर देंगे तो सच छिप जाएगा? आज के सेटेलाइट के जमाने में इस तरह की बात सोचना भी बेवकूफी है। दुनिया के किसी भी हिस्से में कुछ भी हो रहा होता है तो उसे पूरी दुनिया देख और जान सकती है। हर छोटी बड़ी बात की खबर और वीडियो लोगों तक पहुंच रहे हैं। मिसाल के तौर पर रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के खिलाफ बगावत करने वाले वैगनर समूह के सर्गेई प्रिगोजिन का मामला हैं। उसकी एक एक मूवमेंट को दुनिया ने देखा। अभी वह कहां है और कहां पर बेलारूस की सेना के साथ साझा सैन्य अभ्यास कर रहा है, इसकी सारी वीडियो सामने आ रही है। हो सकता है कि उसने इसे छिपाने की कोशिश नहीं की लेकिन हकीकत यह है कि छिपाने की कोशिश भी कामयाब नहीं होने वाली है। सूचना तकनीक के मौजूदा दौर पर थोड़े समय तक तो किसी खबर को दबाया या छिपाया जा सकता है लेकिन उसे हमेशा के लिए लोगों तक पहुंचने से नहीं रोक सकते। सो, मणिपुर में जो कुछ हो रहा है उसका सच लोगों के सामने आ चुका है।

इसी तरह संसद में किस नियम के तहत बहस हो, कैसे बहस हो और उसमें सिर्फ मणिपुर की बात कही जाए या विपक्षी पार्टियों के शासन वाले राज्यों में हुई हिंसा का भी जिक्र करके विपक्ष को बैकफुट पर लाया जाए, इसके बीच दुनिया भर में इस पर चर्चा भी हो रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जिस दिन फ्रांस के दौरे पर गई उसी दिन यूरोपीय संघ की संसद ने मणिपुर पर चर्चा किया और एक प्रस्ताव स्वीकार किया। यूरोपीय संघ की संसद में मणिपुर में हो रही जातीय हिंसा की आलोचना की गई और भाजपा और उसके समर्थकों द्वारा भड़काऊ भाषणों की भी आलोचना की गई। भारत ने इसका विरोध किया लेकिन उसके विरोध को दरकिनार कर यूरोपीय संसद में प्रस्ताव पेश हआ, उस पर चर्चा हुई और उसे स्वीकार किया गया।

भाजपा किस तरह से ट्रैक लूज कर रही है इसकी एक मिसाल तब भी दिखी, जब यूरोपीय संघ में प्रस्ताव मंजूर होने के बाद भाजपा के आईटी सेल के प्रमुख ने ट्विट करके कहा कि राहुल गांधी ने ब्रिटेन में और फिर अमेरिका में विदेशी ताकतों को भारत के आंतरिक घटनाक्रम में दखल देने का अनुरोध किया था और उसके बाद यूरोपीय संघ ने यह प्रस्ताव पास किया। इसका क्या मतलब निकालें? क्या राहुल गांधी इतने शक्तिशाली हैं कि दुनिया के देश विश्वगुरू भारत सरकार से ज्यादा बात उनकी मानते हैं? क्या अंतरराष्ट्रीय समुदाय की नजर में वे प्रधानमंत्री से ज्यादा मजबूत हैं? फिर ऐसा कैसे हो सकता है कि भारत सरकार विरोध करे और राहुल गांधी यूरोपीय संघ से प्रस्ताव पास करवा लें? लेकिन भाजपा ने यूरोपीय संघ में मणिपुर पर प्रस्ताव पास होने के बाद यह बात कही थी।

> “ युद्ध में स्त्री-शरीर विजेता के लिए ढाल का काम करता है। बलात्कार शारीरिक सुख से बढ़कर मनोवैज्ञानिक संतुष्टि का हथियार है। पराजित पक्ष की स्त्री को अपमानित कर पूरे समुदाय को अपमानित किया जाता है। मणिपुर में युद्धरत दोनों समुदाय इस क्षेत्र में होड़ ले रहे हैं। वीडियो में दिख रही दोनों औरतें एक समुदाय के बलवाइयों के हाथों पीड़ित हैं।

# भीड़ को पिशाच बनने से रोकिए

विभूति नारायण राय, पूर्व आईपीएस अधिकारी



कुछ छवियां पूरे राष्ट्र की आत्मा को झकझोर देती हैं। एक ऐसी ही छवि थी तीन वर्ष पूर्व पुलिस अधिकारी डेरेक चाविन की मजबूत पकड़ में सांस लेने के लिए छटपटाते अश्वेत युवक जॉर्ज फ्लायड की, जिसके चलते पूरे अमेरिका में उबाल आ गया था। अक्सर आलोचना के शिकार सोशल मीडिया को इसका श्रेय दिया जाना चाहिए कि वर्चस्ववादी मुख्यधारा चाहते हुए भी अप्रिय सूचनाओं का प्रवाह रोक नहीं पाती। पिछले दिनों ऐसी ही एक छवि भारतीय सोशल मीडिया पर आई और पूरा देश स्तब्ध रह गया। इनमें दो असहाय औरतें निर्वस्त्र घुमाई जा रही हैं और एक हिंस्र भीड़ पैशाचिक आनंद के साथ छेड़छाड़ करती उनके पीछे-पीछे चल रही है।

चिंताजनक रूप से शर्मनाक है कि जिस दिन मणिपुर की इन औरतों का वीडियो वायरल हुआ, उससे दो महीने पहले इस वारदात की एक एफआईआर दर्ज हुई थी। जातीय वफादारियों में बुरी तरह से विभक्त मणिपुर प्रशासन व पुलिस अधिकारी इस एफआईआर पर पालथी मारकर बैठे रहे और जब वह विजुअल सामने आया, जिसके फलस्वरूप प्रधानमंत्री, संसद व सर्वोच्च न्यायालय ने गम व गुस्से का इजहार किया, तब जाकर तस्वीरों में कैद कुछ नरपिशाच पकड़े जा सके। याद रहे, वहां डबल इंजन की सरकार है और राज्य को केंद्रीय बलों की भरपूर खेप मिल रही थी, पर अगर एक इंजन का ब्रेक डाउन हो जाए, तो वही सब कुछ होगा, जो मणिपुर में हो रहा है। मीडिया में छपी खबरों के मुताबिक, यह वीडियो हफ्तों पहले राष्ट्रीय महिला आयोग के पास भी पहुंच गया था और यह संस्था भी तभी सक्रिय हुई, जब प्रधानमंत्री का भाषण आया और सुप्रीम कोर्ट ने संज्ञान लिया।

युद्ध में स्त्री-शरीर विजेता के लिए ढाल का काम करता है। बलात्कार शारीरिक सुख से बढ़कर मनोवैज्ञानिक संतुष्टि का हथियार है। पराजित पक्ष की स्त्री को अपमानित कर पूरे समुदाय को अपमानित किया जाता है। मणिपुर में युद्धरत दोनों समुदाय इस क्षेत्र में होड़ ले रहे हैं। वीडियो में दिख रही दोनों औरतें एक समुदाय के बलवाइयों के हाथों पीड़ित हैं, लेकिन उनके समुदाय के सशस्त्र नौजवानों का एक दूसरा वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है, जिसमें वे विरोधी पक्ष की महिलाओं का अपहरण कर उनके साथ यही व्यवहार करने की धमकी देते दिख रहे हैं।

मणिपुर में क्षैतिज विभाजन कितना स्पष्ट है, इसका अंदाजा सिर्फ इस तथ्य से लगाया जा सकता है कि बलवाइयों को पुलिस शस्त्रागार से हथियार दिए गए। मैंने आतंकवाद की पराकाष्ठा के दिनों में कश्मीर घाटी में काम किया है। आज से भिन्न उन दिनों यह महसूस किया जा सकता था कि जम्मू-कश्मीर पुलिस का एक धड़ा पाकिस्तान प्रायोजित विद्रोहियों से सहानुभूति रखता है और वहां कभी-कभी शस्त्रागार लूटने की वारदातें तो हुईं, पर ऐसा कभी नहीं हुआ कि रक्षकों ने खुद ही शस्त्र आतंकियों को सौंप दिए हों। इंफाल में स्थित सशस्त्र पुलिस बटालियन में पंक्ति में खड़े नागरिकों को हथियार बांटे गए। यहां तक हुआ कि आधार कार्ड जांचकर 'लाभार्थियों' का चयन किया गया। स्वाभाविक था कि मैतेई बहुल पुलिस ने अपने समाज को हथियारबंद किया।

दूसरी तरफ, कुकी नौजवानों के पास भी आधुनिक हथियारों की कमी नहीं है। खबरों के मुताबिक, उनकी आपूर्ति का स्रोत सीमा पार म्यांमार और विभिन्न सुरक्षा बलों से भगोड़े कुकी सैनिक हैं। गृह मंत्री अमित शाह ने अपनी हालिया यात्रा के दौरान अपील की, तो कुछ हथियार वापस पहुंच गए, पर अब भी काफी उपद्रवियों के पास हैं। यह भी याद रखना चाहिए कि मणिपुर पुलिस पिछले कई दशकों से पृथकतावादी संगठनों से जूझ रही है और इसके फलस्वरूप इसके पास मौजूद हथियार आधुनिकतम हैं। उनकी रणनीति भी किसी समकालीन सैनिक टुकड़ी की सी है। इसका नमूना मैतेई और कुकी बस्तियों की सीमा पर दोनों जातीय समुदायों द्वारा बनाए गए सुदृढ़ बंकर और वहां से की जाने वाली हिंसक कार्रवाइयां हैं।

हिंसा के वर्तमान दौर का फौरी कारण तो उच्च न्यायालय का विवादास्पद निर्णय है, लेकिन जिस तरह इसका विस्फोट हुआ है, उससे स्पष्ट है कि यह बहुत दिनों से शरीर के अंदर इकट्ठा हो रहा मवाद था, जो बाहर निकलने के लिए बेकरार हो रहा था, और जैसे ही मौका मिला, फट पड़ा। इन दोनों समुदायों में कितनी कटुता और अविश्वास है, इसका मुझे व्यक्तिगत अनुभव तब हुआ, जब मैंने हिंदी विश्वविद्यालय में पढ़ चुके मैतेई और कुकी छात्रों से अलग-अलग बातें कीं। एक ही घटना के उनके विवरणों मे इतना फर्क था कि ऐसा लगा, वे अलग-अलग घटनाओं का जिक्र कर रहे हैं। ऐसे में, फौरन किसी नतीजे पर पहुंचना लगभग असंभव सा लगता है।


कुल मिलाकर, यह कहा ही जा सकता है कि स्थिति बड़ी नाजुक है और इससे निपटने में राज्य पुलिस पूरी तरह से असफल हो गई है। ऐसा शायद राज्य के बुरी तरह से विभाजित राजनीतिक नेतृत्व के कारण हुआ है। केंद्र ने मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक तो बदल दिए, पर सभी जानते हैं कि निर्णायक फैसले मुख्यमंत्री के स्तर पर ही लिए जाते हैं। अब नौबत आ गई है कि नई दिल्ली को राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाने के बारे में गंभीरता से सोचना चाहिए। इस बीच आदिवासी इलाकों और घाटी को अलग राज्यों में विभक्त करने की बात भी उठी है। हमें याद रखना होगा कि सांप्रदायिक आधार पर एक बार विभाजन के लिए हां कहने का मतलब देश भर में इसी तरह की मांगों के लिए तैयार होना होगा।

यह एक संवेदनशील मसला है और इसे जरूरी संवेदनशीलता से ही सुलझाया जा सकता है। मणिपुर की क्षेत्रीय अखंडता से छेड़छाड़ का प्रयास एक बार पहले भी हुआ था, जब कुछ नगा-बहुल इलाकों को इससे काटकर नगालैंड में मिलाने का प्रस्ताव आया था। फलस्वरूप, महीनों तक मणिपुर जलता रहा था। मैतेई और कुकी, दोनों इलाकों में महिला संगठनों, चर्च या संस्कृति के क्षेत्र में काम कर रहे गैर-सरकारी संस्थाओं का हमेशा से प्रभाव रहा है। उनको शांति के प्रयासों के लिए सक्रिय करना उपयोगी हो सकता है। अब भी लूटे गए हथियारों की वापसी में उनका बड़ा योगदान रहा है। सबसे जरूरी है कि विभिन्न राजनीतिक दल संकट के समय अपने राजनीतिक हितों को कुछ देर के लिए दरकिनार कर संवेदनशील तरीके से शांति स्थापित करने के उपायों पर मिल-बैठकर गौर करें और सामान्य जिंदगी बहाल करने में मदद करें।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# अमर नहीं हो सकेंगे, लेकिन खूब लंबी उम्र पाएंगे इंसान

निरंकार सिंह, पूर्व सहायक संपादक, हिंदी विश्वकोश



मृत्यु पर विजय मानव सभ्यता का अंतिम लक्ष्य है और अमरत्व मानव प्रजाति की चरम नियति। विज्ञान ने अब ऐसी प्रक्रियाओं के दरवाजे खोल दिए हैं, जिनके जरिये हम अमर भले न हो सकें, परंतु लंबे, खूब लंबे समय तक जवान और जिंदा रह सकते हैं। जैव प्रौद्योगिकी, नैनो, सूचना और तंत्रिका विज्ञान जैसे विभिन्न क्षेत्रों में जिस तरह से काम हो रहा है, नित नई खोजें हो रही हैं, इससे यह संभावना आकार ले रही है कि भविष्य में मानव आयु लंबी हो सकती है। बुढ़ापे को रोक देने वाली दवा, उम्र को और अधिक बढ़ा देने वाले नए उपचार और दीर्घजीविता अथवा 'लांगविटी क्लीनिक' इत्यादि इसकी झलक है। बर्मिंघम के 'एस्टन रिसर्च सेंटर फॉर हेल्दी एजिंग' की सीनियर लेक्चरर कैथी स्लैक के अनुसार, बुढ़ापा एक नितांत निजी प्रक्रिया है। किन्हीं दो लोगों की उम्र बढ़ने की प्रक्रिया एक सी नहीं होती है। हम बूढ़े क्यों होते हैं और क्या इस जैविक प्रक्रिया को धीमा किया जा सकता है? इस सवाल का जवाब तलाश किया जा रहा है।

हार्वर्ड में जेनेटिक्स विभाग के प्रोफेसर और प्रमुख वैज्ञानिक डेविड ए सिंक्लेयर ने कहा, 'हाल तक हम जो सबसे अच्छा काम कर सकते थे, वह धीमी गति से उम्र बढ़ना था। नई खोजों से पता चलता है कि अब हम इसे उलट सकते हैं। अमेरिका के शोधकर्ताओं ने एक अभूतपूर्व अध्ययन में बुढ़ापा और बुढ़ापे से संबंधित बीमारियों के खिलाफ लड़ाई में एक महत्वपूर्ण मुकाम हासिल किया है। हार्वर्ड मेडिकल स्कूल और मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमआईटी) के वैज्ञानिकों की एक टीम ने कोशिकाओं को युवा अवस्था में पुनः प्रोग्राम करने वाले रसायनों की खोज की है। पहले, यह केवल शक्तिशाली जीन थेरेपी का उपयोग करके ही संभव था।

जर्नल एजिंग-यूएस में प्रकाशित निष्कर्ष इस खोज पर आधारित है कि विशिष्ट जीन की अभिव्यक्ति, जिसे यामानाका कारक कहा जाता है, वयस्क कोशिकाओं को प्रेरित प्लुरिपोटेंट स्टेम सेल (आईपीएससी) में परिवर्तित कर सकती है। इस खोज ने, जिसने 2012 में नोबेल पुरस्कार जीता, यह सवाल उठाया कि क्या कोशिकाओं को बहुत युवा और कैंसरग्रस्त बनाए बिना सेलुलर उम्र बढ़ने को उलटना संभव हो सकता है? शोधकर्ताओं ने सेलुलर उम्र बढ़ने को उलटने के लिए एक रासायनिक विधि का उपयोग करके उम्र को उलटने में सफलता हासिल की है। उनके अध्ययन ने छह रासायनिक संयोजनों की पहचान की, जो अनियमित कोशिका वृद्धि के बिना एक सप्ताह के भीतर वृद्ध कोशिकाओं को फिर से जीवंत कर देते हैं।

डॉक्टर डेविड ए सिंक्लेयर के नेतृत्व में कोशिकाओं को फिर से जीवंत करने की संभावना का पता लगाया गया है। इस नई खोज के निहितार्थ दूरगामी हैं, जिससे नई चिकित्सा और संभावित रूप से पूरे शरीर के कायाकल्प के रास्ते खुल रहे हैं। जीन थेरेपी के माध्यम से उम्र में बदलाव की जगह इस खोज ने एक रासायनिक विकल्प विकसित किया है। यह खोज उम्र बढ़ने, चोटों और उम्र से संबंधित बीमारियों के उपचार में क्रांतिकारी बदलाव ला सकती है और यह विकास में कम लागत व कम समय-सीमा का रास्ता दिखाती है। अप्रैल 2023 में बंदरों में अंधेपन को उलटने में सकारात्मक परिणामों के बाद उम्र पलटने वाली जीन थेरेपी के इंसानों पर परीक्षण की तैयारी प्रगति पर है। हार्वर्ड की यह टीम एक ऐसे भविष्य की कल्पना करती है, जहां उम्र से संबंधित बीमारियों का प्रभावी ढंग से इलाज किया जा सके। सिंक्लेयर ने कहा, 'यह नई खोज एक ही गोली से बुढ़ापे को उलटने की क्षमता प्रदान कर सकती है, जिसमें आंखों की रोशनी में सुधार से लेकर उम्र से संबंधित कई बीमारियों का प्रभावी इलाज करने तक के प्रयोग शामिल हैं।'

यह संभावना आकार ले रही है कि भविष्य में क्या मानव अमर हो सकता है? विज्ञान जो कुछ हमें करके अभी दिखा रहा है, धर्म ने कभी ऐसा करने का वादा किया था, लेकिन हमारे काल और ब्रह्माण्ड से परे विज्ञान पर आधारित एक नया दर्शन और मानवता का मूल विचार मानवेत्तरता की तरफ इशारा कर रहा है, और यह बता रहा है कि संभव है, हम वर्तमान मानवीय सीमाओं को पार कर लें।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# 38 साल से तानाशाह को झेलता कंबोडिया !

श्रुति व्यास

एक वक्त था जब किस्से-कहानियों में कंबोडिया का जिक्र होता था। इस देश का बहुत गौरवशाली अतीत रहा है। महान खमेर साम्राज्य की शानो-शौकत,राजाओं के दिव्य और विशाल अंकोरवाट मंदिर के चर्चे थे। कोई 692 साल चले खमेर साम्राज्य की धन-संपदा अकूत थी। लेकिन वक्त सोने की लंका को भी मिट्टी में मिला देता है। सो खमेर साम्राज्य भी समय के साथ धूल में मिला।

उर्फ कंपूचिया सदियों बाद एक राष्ट्र के रूप में फिर उभरा तो एक खलनायक, लम्पट देश बना। सन् 1975 से 1979 के बीच वह 'कंपूचिया जनतंत्र' कहलाता था। उसकी बागडोर कम्बोडियाई कम्युनिस्टों के एक समूह के हाथों में थी। उसने वहां एक खूनी क्रांति की। अपने ही लोगों का नरसंहार किया। देश के 70 लाख लोगों में से कम से कम 17 लाख मारे गए। उस खूनी क्रांति का क्रूर नेता पोल पोट था

भयावह काल के बाद कम्बोडिया ने अपना पुनर्निर्माण करने और भव्य अतीत को दुबारा जीने का प्रयास किया। इस बार लोगों को उम्मीद थी कि उनका देश असली लोकतंत्र बनेगा। लेकिन आज चार दशक बाद भी, कंबोडिया, जो लगभग 1.60 करोड़ आबादी वाला विकासशील राष्ट्र है, अपने खूनी अतीत को भुला नहीं सका है। उसका आज भयावह है और कल अंधकारमय। खमेर रूज के पतन के 44 साल बाद भी स्थितियां लगभग वैसी ही हैं।



हुन सेन 38 साल से वहां के प्रधानमंत्री हैं। वे पहले खमेर रूज से जुड़े हुए थे और 1985 से सत्ता पर काबिज हैं। वे कम्युनिस्ट कम्बोडियन पीपुल्स पार्टी के नेता हैं और 'चुनाव' के बाद, जिसके लिए कंबोडियाईयों ने 23 जुलाई को वोट डाले, वे न केवल दुनिया में सबसे अधिक समय तक पद पर रहने वाले प्रधानमंत्री बन जाएंगें बल्कि खमेर साम्राज्य के बाद सर्वाधिक समय तक कंबोडिया पर शासन करने वाले व्यक्ति भी। वे एक विवादास्पद नेता हैं। पश्चिमी देश उनके शासन के आलोचक रहे हैं और जनता उनसे डरती है। जिन्हें पता न हो उनकी जानकारी के लिए रविवार को कंबोडिया में हुआ मतदान वहां का सातवां आमचुनाव था। लेकिन मतदाताओं के सामने केवल एक विकल्प है-हुन सेन की पार्टी। कई हफ्तों तक चले चुनाव अभियान और विरोधियों के खिलाफ कार्यवाहियां के दौर के बाद हुन सेन की सत्ताधारी कंबोडियन पीपुल्स पार्टी (सीपीपी) ही अकेली चुनावी मैदान में है। विपक्षी सांसदों के अनुसार उन पर कई हिंसक हमले हुए, ह्यूमन राईट्स वाच की रपट के अनुसार जैसे-जैसे चुनाव नजदीक आते गए, सरकार द्वारा राजनैतिक विरोधियों को डराने-धमकाने और मनमानी गिरफ्तारियां करने की घटनाएं बढती गईं। मई में सरकार ने एक तकनीकी मुद्दे को आधार बनाकर देश के सबसे प्रमुख विपक्षी दल, केंडिललाईट पार्टी पर प्रतिबंध लगा दिया। राष्ट्रीय चुनाव आयोग ने कहा कि पार्टी द्वारा दिए गए दस्तावेजों में ऐसी कमियां थीं जो पिछले साल हुए स्थानीय चुनाव लड़ने में बाधक नहीं थीं। स्थानीय चुनावों में केंडिललाईट पार्टी को 22 प्रतिशत वोट मिले थे। और विश्लेषकों का कहना है कि हुन सेन को इस पार्टी में स्वयं के लिए खतरा नजर आया।

विपक्ष को कुचलने के अलावा, हुन सेन असहमति और आलोचना को भी कुचलते रहे हैं जिससे मजबूर होकर कई लोग देश छोड़कर भाग गए है। मीडिया के खिलाफ भी कार्यवाहियां हुई हैं। वहां के सबसे बड़े मीडिया संस्थान वाईस ऑफ डेमोक्रेसी पर हुन सेन ने उन पर और उनके पुत्र पर हमले करने और उनकी 'प्रतिष्ठा व गरिमा' को नुकसान पहुँचाने के आरोप लगाए था। इसके बाद इस वर्ष के शुरू में इस संस्थान पर ताला लगने के बाद वहां अब स्वतंत्र मीडिया जैसी किसी चीज का अस्तित्व नहीं बचा है। पिछले माह वहां के टेलिकॉम रेगुलेटर ने इंटरनेट सेवा देने वाली कंपनियों और तीन दूसरे समाचार माध्यमों की वेबसाईटों को ब्लाक करने का आदेश दिया। और हां, अब हुन सेन को प्रधानमंत्री कहकर संबोधित नहीं किया जाता है। सन् 2016 में समाचारपत्रों, रेडियो और टेलीविजन संस्थाओं को निर्देश दिया गया कि हुन सेन की छःह शब्दों की मानद पदवी का जिक्र उनसे संबंधित सभी खबरों की शुरूआती पंक्तियों में करें अन्यथा उन्हें कानूनी कार्यवाही का सामना करना पड़ेगा। इस पदवी का अनुवाद लगभग यह होगा-''दैवीय प्रधानमंत्री एवं सेना के सर्वोच्च सेनापति। हुन सेन को यह पदवी कंबोडिया के सम्राट नोरोडोम सिम्होनी द्वारा सन् 2007 में दी गई थी।

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी हुन सेन को न केवल अपने निरंकुश शासन के कारण आलोचना का सामना करना पड़ता है बल्कि चीन से संबंध प्रगाढ़ करने के कारण भी उन्हें बुरा-भला कहा जाता है। उनके जरिए कंबोडिया में चीन का सैन्य, आर्थिक और राजनीतिक दबदबा बहुत बढ़ गया है, जिसके चलते कंबोडिया लगभग चीन का पिछलग्गू बन गया है।

इन तमाम कमियों और दबावों के बावजूद हुन सेन चाहेंगे कि उनके राज को दशकों तक हुए आर्थिक विकास और शांति स्थापित करने के लिए याद किया जाए। उनके द्वारा उनकी शान को समर्पित नवीनतम प्रयास है विन विन मान्यूमेंट, जो दशकों के टकराव को समाप्त करने के उद्धेश्य से खमेर रूस के सदस्यों को क्षमादान देने के लिए 1990 के दशक में लागू की गई उनकी नीति का नाम था। एक रहस्यपूर्ण राजनीतिज्ञ होने के नाते उन्होंने अपनी छवि ऐसी बनाई है कि कंबोडिया को खमेर रूस से बचाने का श्रेय उन्हें और सिर्फ उन्हें है। विन-विन स्मारक पर बने चित्रों में दिखाई गई हैं भरपूर फसलें, व्यस्त बंदरगाह और बढ़ती हुई जीडीपी। सन् 1998 से 2019 तक कंबोडिया की अर्थव्यवस्था की औसत वृद्धि दर 8 प्रतिशत रही, जो उसे दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ रही अर्थव्यवस्थाओं में से एक बनाती है।

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे:-
9827806026,
7869620239

Sargam
Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair
DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी
पहले बाद में
JITU'Z
CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बैंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)






# श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़



इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM




## खास खबर

### प्रदेश के कुछ हिस्सों में भारी बारिश की संभावना

**रायपुर।** प्रदेश के दक्षिणी भाग में मंगलवार को कुछ स्थानों पर भारी और एक-दो स्थानों पर अति भारी वर्षा होने की प्रबल संभावना है । वेदर बुलेटिन के मुताबिक मानसून द्रोणिका दिशा, इंदौर, दमोह, पेंड्रा रोड, गोपालपुर और उसके बाद पूर्व-दक्षिण-पूर्व की ओर पूर्व-मध्य बंगाल की खाड़ी तक 1.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक विंड शियर जोन 20 डिग्री उत्तर में 3.1 किलोमीटर से 5.8 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण पश्चिम-मध्य बंगाल की खाड़ी और उससे लगे उत्तर-पश्चिम बंगाल खाड़ी- उत्तर तटीय आंध्रप्रदेश - दक्षिण तटीय उड़ीसा के ऊपर स्थित है तथा यह 7.6 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। इसके प्रभाव से अगले 24 घंटे में एक निम्न दाब का क्षेत्र उसी क्षेत्र में बनने की संभावना है। इस मौसमी तंत्र के और प्रबल होकर उसी क्षेत्र में अवदाब रूप में 26 जुलाई को परिवर्तित होने की संभावना है। उसके बाद इसके पश्चिम-उत्तर-पश्चिम दिशा में आगे बढ़ते हुए, उत्तर तटीय प्रदेश-दक्षिण उड़ीसा तट पर पहुंचने की संभावना है। प्रदेश में कल 25 जुलाई को अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। वहीं प्रदेश में एक-दो स्थानों पर गरज चमक के साथ भारी वर्षा भी होने की संभावना है। प्रदेश के दक्षिणी भाग में अधिकांश स्थानों पर, जबकि उत्तरी भाग में कुछ स्थानों पर वर्षा होने की संभावना है।

### जिला अस्पताल में लंबर स्पाइन का हुआ सफल ईलाज

**दुर्ग।** दुर्ग सिविल सर्जन डॉ. वी.के. शर्मा के नेतृत्व में दुर्ग जिला चिकित्सालय ने एक और उपलब्धि हासिल की है। जिला चिकित्सालय दुर्ग पूरे राज्य में एकमात्र ऐसा अस्पताल है जहां पर न्यूरो सर्जन की पदस्थापना हुई और जीरो रिफरल की रणनीति पर कार्य करते हुए सबसे पहले न्यूरो सर्जरी केस को कर पाने में आज सफलता प्राप्त की। जिला चिकित्सालय दुर्ग में हीरा बाई नाम की 80 वर्षीय महिला का लंबर स्पाइन ऑपरेशन न्यूरो सर्जन डॉ. कुलदीप सिंह एवं निश्चेतना विशेषज्ञ डॉ. बसंत चौरसिया, डॉ. श्रीकांत वर्मा के द्वारा किया गया एवं स्टाफ नर्स शिबेन दानी एवं ड्रेसर रमेश की भी अहम भूमिका रही है। डॉ. बसंत चौरसिया ने बताया कि महिला घर में ही गिर गई थी जिसके कारण मरीज की रीढ़ की हड्डी में फैक्चर हो गया था जिसके कारण मरीज उठ व बैठ नहीं पा रही थी एवं बहुत ही ज्यादा दर्द में थी। जिला चिकित्सालय दुर्ग में डॉ. कुलदीप सिंह को ओपीडी में चेकअप कराने के पश्चात् उनके द्वारा ऑपरेशन कराने की सलाह दी फिर उनका मेडिकल चेकअप करवाने के बाद मरीज का सफलतापूर्वक ऑपरेशन कराया गया एवं मरीज आज पूर्णतया स्वस्थ है।

## च्वाईस सेंटरों में आधार कार्ड कार्य को पुनः प्रारंभ करवाने जनदर्शन में की मांग

### जनदर्शन में दिव्यांग राजूलाल देशमुख ने की बैट्री चलित ट्रायसायकल की मांग

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। कलेक्टोरेट सभाकक्ष में प्रति सोमवार को आयोजित होने वाले कलेक्टर जनदर्शन कार्यक्रम में अपर कलेक्टर अरविंद एक्का ने जिले के विभिन्न स्थानों से पहुंचें लोगों से मुलाकात कर उनकी मांगों एवं समस्याओं के संबंध में जानकारी लेते हुए प्राप्त आवेदनों का शीघ्र निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक पहल करने कहा है। जनदर्शन कार्यक्रम में 200 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें अवैध कब्जा, बटंवारा, आर्थिक सहायता, सीमांकन, स्वामी आत्मानंद स्कूल में प्रवेश, प्रधानमंत्री आवास योजना, राशन कार्ड से संबंधित आवेदन शामिल है।



कलेक्टर जनदर्शन में आवेदन लेकर पहुंचे वार्ड पार्षद ने पूर्व की भांति च्वाईस सेंटर में आधार कार्ड कार्य को पुनः प्रारंभ करने की मांग की। उन्होंने बताया कि आधार सेंटर कम होने की वजह से सभी आधार सेंटरों में भीड़ अधिक होने से आमजनता को आधार कार्ड से संबंधित कार्य करवाने में कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है।

उन्होंने पूर्व की भांति च्वाईस सेंटरों में आधार कार्ड का कार्य चालू करने जिनके पास सभी मशीनरी उपलब्ध है तथा जो आधार कार्ड का कार्य करने के इच्छुक हो उन सेंटरों में प्रतिदिन आधार कार्ड से संबंधित कार्य करने हेतु अधिकृत कर आधार कार्ड का कार्य करने हेतु अनुमति प्रदान करने की मांग की। इस पर अपर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही करने को कहा।

नगपुरा के ग्रामवासियों ने आवेदन प्रस्तुत करते हुए बताया कि ग्राम नगपुरा में विद्युत सब स्टेशन बने लगभग 20 वर्ष हो चुके हैं, किन्तु अभी तक वहां कोई भी रात्रिकालीन लाईन मेन की व्यवस्था नही है। वर्तमान में रात्रि में लाईन बंद होने पर कोई सुधारने वाला नही होता है, जिसके कारण नगपुरावासियों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इस पर अपर कलेक्टर ने विद्युत विभाग को कार्यवाही करने को कहा। ग्राम जंजगिरी निवासी दिव्यांग राजूलाल देशमुख ने बैट्री चलित ट्रायसायकल की मांग की। उन्होंने बताया कि वह बचपन से ही दोनों पैरों से दिव्यांग हैं। जीवन यापन करने के लिए एक लकड़ी के सहारे आना जाना पड़ता है, जिससे काफी तकलीफों का सामना करना पड़ता है। इस पर अपर कलेक्टर ने समाज कल्याण विभाग को आवश्यक कार्यवाही करने को कहा।

ग्राम समोदा के ग्रामवासियों ने अपर कलेक्टर को आवेदन प्रस्तुत करते हुए बताया कि गंगा एवं जमुना तालाब के आसपास किसानों की जमीन है। वर्तमान में किसानों को पानी निकासी की समस्या आ रही है। निकासी की जगह में अवैध प्लाटिंग कर मुरूम डाल दिया गया है, जिसके कारण खेतों का पानी निकल नही पा रहा है और किसानों का फसल नष्ट हो रहा है। इस पर अपर कलेक्टर ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जनदर्शन में संयुक्त कलेक्टर प्रवीण वर्मा और हरवंश कुमार मिरी तथा डिप्टी कलेक्टर गोकूल रावटे सहित संबंधित विभाग के अधिकारी मौजूद थे।

### भाजपा घोषणा पत्र में शामिल करने तृतीय लिंग समुदाय ने सांसद विजय बघेल को सौंपा सुझाव

**दुर्ग।** दुर्ग के कुशाभाऊ ठाकरे भवन में दुर्ग लोकसभा से सांसद विजय बघेल से दुर्ग के तृतीय लिंग समुदाय प्रमुख कंचन सेंद्रे ने मुलाकात कर सांसद बघेल को बीजेपी के घोषणा पत्र में शामिल करने तृतीय लिंग समुदाय के कुछ मुख्य मांगे ज्ञापन के तौर पर सौंपा गया।ज्ञापन में मुख्य रूप से तृतीय लिंग समुदाय को समस्त सरकारी नौकरी एवं प्रवेश में तृतीय लिंग व्यक्तियों के लिए 1 फीसदी प्रदान करने। तृतीय लिंग के व्यक्तियों को राशन कार्ड अंतोदय राशन कार्ड बीपीएल कार्ड की समस्त सुविधा प्रदान किया जाए। प्रत्येक उभयलिंगी व्यक्ति जो 40 वर्ष से ऊपर ट्रांसजेंडर व्यक्ति हैं उन्हें प्रतिमाह रूपए 2000 पेंशन की सुविधा प्रदान किया जाए। राज्य स्तर पर तृतीय लिंग कल्याण बोर्ड छत्तीसगढ़ शासन में तृतीय लिंग समुदाय से नियमित स्टाफ की व्यवस्था की जाए। शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में आवासीय योजनाओं में तृतीय लिंग को भी 1प्रतिशत का आरक्षण प्रदान किया जाना शामिल हैं।

## मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजनाः बीते तीन साल में निर्धन परिवार की 227 बेटियां विवाह बंधन में बंधी

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। सीमा एक साधारण गरीब परिवार की बेटी है, जो जिले के एक छोटे से गांव में रहती थी। उसके पिता एक छोटे से दुकान पर काम करते थे और माता-पिता बहुत मेहनती थे, लेकिन उनकी आर्थिक स्थिति मेहनत के बावजूद सुधारने में कामयाब नहीं हो रही थी।



सीमा बहुत पढ़ाई-लिखाई में रूचि रखती थी और उसके मन में अपने सपने थे। वह अपने परिवार को भविष्य में सुख-शांति देने का सपना देखती थी। लेकिन उसके परिवार की आर्थिक हालत उसे अपने अध्ययन के लिए समर्थ नहीं बना रही थी। एक दिन, उसके गांव में महिला एवं बाल विकास के अधिकारी ने उसे मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के बारे में बताया। सीमा को यह सुनकर खुशी हुई कि उसके सपनों को साकार करने का एक रास्ता तो है। उसने अपने पिता को योजना के बारे में बताया और उन्हें विवाह के लिए आवेदन करने की सलाह दी।

सीमा के परिवार ने योजना के अंतर्गत आवेदन किया और जल्द ही उनका आवेदन स्वीकार हो गया। उन्हें विवाह के खर्चे का भार सरकार ने दिया। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के सहारे, सीमा का विवाह खुशियों से सम्पन्न हुआ। उसके सपने साकार हो गए और उसे अध्ययन के लिए अधिक संसाधन मिलने लगे। वह अब एक गैर-सरकारी स्कूल में नौकरी करती है और अपने परिवार की मदद कर रही है। बिटिया के विशेष अनुरोध और निजता के कारण वास्तविक नाम व फोटो नहीं दिया गया।

वैश्विक महामारी कोरोना काल के चलते वर्ष 19-20 और 20-21 को छोड़ दें तो जिले में तीन सालों में 227 निर्धन परिवारों की बेटियां मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अन्तर्गत विवाह बंधन में बंधी। जो सुखी दाम्पत्य जीवन गुजार रही है। इस योजना के माध्यम से फिजुल खर्च एवं दहेज प्रथा जैसे कुरीतियों को समाप्त करने का एक अच्छा माध्यम है। अब ऐसे कन्याओं के माता-पिता को आर्थिक समस्याओं का सामना नहीं करना पड़ रहा है। सामूहिक विवाह का आयोजन महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा कराया जाता है।

उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार द्वारा मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत प्रति जोड़ा सहायता राशि 25 हजार रूपए से बढ़ाकर 50 हजार रूपए कर दी गई है। योजना के तहत 21 हजार रूपये तक की आर्थिक सहायता सामग्री के रूप में, 21 हजार रूपये का बैंक ड्राफ्ट तथा सामूहिक विवाह आयोजन व्यवस्था पर अधिकतम 8 हजार रूपये तक व्यय का प्रावधान भी किया गया है।

## मुख्यमंत्री का छत्तीसगढ़ संयुक्त शिक्षक संघ ने गजमाला पहनाकर जताया आभार



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से आज यहां उनके निवास कार्यालय में छत्तीसगढ़ संयुक्त शिक्षक संघ के प्रतिनिधिमंडल ने सौजन्य मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने शासकीय कर्मचारियों के हित में लिए गए फैसलों के लिए मुख्यमंत्री श्री बघेल को गजमाला पहनाकर उनका आभार जताया। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि केंद्र के समान डीए और गृह भाड़ा वृद्धि सहित सभी फैसले कर्मचारी हित में ऐतिहासिक हैं।

इन सौगातों से प्रदेश भर के शिक्षकों सहित सभी कर्मचारियों में हर्षोल्लास की लहर है। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ संयुक्त शिक्षक महासंघ के अध्यक्ष राजनारायण द्विवेदी, कृष्ण कुमार नवरंग, भूपेंद्र सिंह बनाफर, शंकर साहू, शिव सारथी, विक्रम राय, धर्मदास बंजारे, चेतन कुमार बघेल, कमल दास मुरचले सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## धनवंतरी जेनरिक मेडिकल स्टोर सभी वर्गो के लिए हो रहा वरदान साबित

श्रीकंचनपथ न्यूज

कवर्धा। धनवंतरी जेनरिक मेडिकल स्टोर के खुलने से अब आम नागरिकों को मंहगी दवाईयों से राहत मिलने लगी है। छत्तीसगढ़ शासन की पहल पर धनवंतरी जेनरिक मेडिकल के प्रारंभ होने से सस्ती दर पर मिल रही गुणवत्तापूर्ण दवाओं का सीधा लाभ आम नागरिकों को मिल रहा है। गरीब वर्ग जहां महंगी दवाई खरीदने में अपने पैसे की बचत नहीं कर पाते थे। इससे अब निजात मिली है। मेडिकल स्टोर में दवाईयां निजी मेडिकल स्टोर एवं बाजार में मिलने वाली दवाओं की कीमत की तुलना में 50 से 70 प्रतिशत से भी कम मूल्य पर मिलती है।




कलेक्टर श्री जनमेजय महोबे ने बताया कि राज्य शासन द्वारा श्री धन्वंतरी जेनेरिक दवाई दुकान का शुभारंभ किया गया है। जेनेरिक मेडिकल स्टोर्स में 300 से अधिक मेडिसिन, सनफॉरमा, सिप्ला, मेनकाइन्ड, डॉक्टर रेडडी इत्यादि, सर्जिकल आइटम, छत्तीसगढ़ हर्बल प्रोडक्ट उपलब्ध हैं। जिले में अब तक 85 लाख 95 हजार 429 रूपए की दवाई का विक्रय किया गया है। जिसका एमआरपी मूल्य 02 करोड़ 18 लाख 15 हजार 756 रूपए है। इस योजना के तहत 29 हजार 250 हितग्राही लाभान्वित हुए है। इससे हितग्राहियों को 1 करोड़ 32 लाख 20 हजार 327 रूपए की बचत हुई है। कबीरधाम जिले के 6 नगरीय निकायों में धनवंतरी मेडिकल स्टोर का संचालन किया जा रहा है, जिससे नागरिकों को सस्ते दाम पर दवाइयां उपलब्ध हो रही है। संचालित मेडिकल स्टोर में सर्दी, खांसी, बुखार, ब्लड प्रेशर जैसी आम बीमारियों के साथ-साथ गंभीर बीमारियों की जेनेरिक दवाएं, एंटीबायोटिक, सर्जिकल आइटम, वन विभाग के संजीवनी के उत्पाद, सौंदर्य प्रसाधन उत्पाद और शिशु आहार भी उपलब्ध है। कवर्धा सहित नगर पंचायत बोड़ला, पाण्डातराई, पंडरिया, सहसपुर लोहारा और पिपरिया में भी जेनेरिक मेडिकल स्टोर संचालित है।

ग्राम मोहगांव निवासी लक्षमण सिंह ने बताया कि माताजी बी.पी. और शुगर के मरीज है। उनके लिए प्रतिमाह धनवंतरी जेनरिक मेडिकल स्टोर से दवाई ले जाती है। उन्होंने बताया कि निजी मेडिकल दुकानों में इन दवाईयों का एमआरपी लगभग 1550 है। लेकिन धनवंतरी जेनरिक मेडिकल स्टोर में उन्हें यह दवाई 52 प्रतिशत डिस्काउट के साथ 744 रूपए में मिल जाती है। उन्होंने मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल को धन्यवाद देते हुए कहा कि शासन की यह योजना सभी के लिए लाभकारी है। कम मूल्य में दवाई मिलने से आर्थिक बचत हो रही है। प्रशांत शर्मा ने धनवंतरी जेनरिक मेडिकल स्टोर में दवाई क्रय करते हुए बताया कि वे नस से संबंधित बीमारी के लिए दवाई लेने आए है। उन्हे यह दवाई सिर्फ 205 रूपए में ही मिल गई। निजि मेडिकल स्टोर में दवाई का मूल्य 429 रूपए है। उन्होंने कहा कि निम्न तबके वर्ग के लिए धनवंतरी जेनरिक मेडिकल स्टोर एक वरदान है। यहां कम मूल्य में दवाई मिलने से आर्थिक बोझ कम हुआ है। श्री यशवंत साहू ने बताया कि उसे प्रोटिन पावडर 216 रूपए में मिला, निजी मेडिकल में दवाई का मूल्य 450 है। उन्होंने बताया कि बाजार में अधिक कीमत की मिलने वाली दवा इस स्टोर में बहुत ही कम रुपए में मिल जाती है।

### सेंट थॉमस महाविद्यालय के बीएड विद्यार्थियों का यूनिवर्सिटी में उत्कृष्ट प्रदर्शन

**भिलाई।** बी .एड .चतुर्थ सेमेस्टर सत्र 22 - 23 में अध्ययनरत विद्यार्थियों का महाविद्यालय में शानदार प्रदर्शन रहा। 94 विद्यार्थियों में से 92 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीण की एवं 25 विद्यार्थियों ने 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए।स्नेहा बी मैथ्यू ने 80.8 प्रतिशत में प्रथम स्थान पर रही। दूसरे स्थान पर मैरीना एलिजर. एवं प्रियका यदु 80.6 प्रतिशत रही । मधु स्मिता साहू ने 78 .8 प्रतिशत प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया । मनीषा 78.4 प्रतिशत पर चतुर्थ स्थान पर रही। मिलका जॉर्ज एवं सौम्या ने 78.2 प्रतिशत प्राप्त कर पांचवा स्थान प्राप्त किया।


BIG BRAND
Premium Store

30% Off
70001 78467
70008 73376
Near KPS school , Nehru Nagar ,Bhilai

ऊँ साई राम
माँ पुस्तक भंडार

होलसेल में कापी-किताब एवं स्टेशनरी सामान मिलने का एक मात्र स्थान
पुरानी एवं नई पुस्तकें खरीदी व बेची जाती है
रावणभाटा, सुपेला, भिलाई (छ.ग.)
मो. 7489051024, 7770845578

Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65


CONTACT
Premier sales 8959493000
A Leela Electronics 9425507772
Reena Electronics 9329132299
Shree Electronics 7000827361
Maa Durga Electronics 9827183839
Rohit Electronics 94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

**खास खबर...**

## अब सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर्स मतदान के लिए लोगों को करेंगे जागरूक कलेक्टर डॉ भुरे ने की बैठक

**रायपुर।** विधानसभा निर्वाचन में शत-प्रतिशत मतदाताओं द्वारा मताधिकार का प्रयोग सुनिश्चित कराने के लिए अब सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर्स का भी सहयोग लिया जाएगा। सोशल मीडिया के कई प्लेटफॉर्म जैसे इंस्टाग्राम, ट्विटर, फेसबुक, यू ट्यूब चैनल आदि पर मतदान की जानकारी और उसके प्रभाव को बताने वाले विडियो, रील्स, रोचक क्रीएटिव आदि अपलोड किए जाएंगे ताकि इन्हें देखकर मतदाता वोट डालने के लिए प्रेरित हो सकें। इन सोशल मीडिया माध्यमों पर मतदान करने का तरीका, मतदान में बरती जाने वाली सावधानियां और अन्य ज्ञान वर्धक जानकारी भी अपलोड की जाएगी। इस मतदाता जागरूकता अभियान के लिए कलेक्टर और ज़िला निर्वाचन अधिकारी डॉ सर्वेश्वर भुरे ने ज़िले के प्रमुख सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर्स के साथ बैठक की और ज़रूरी निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर्स से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में बढ़-चढ़ कर सहयोग करने का आह्वान किया। इस बैठक में इंस्टाग्राम,ट्विटर, यू-ट्यूब, फेसबुक पर अधिकतम फॉलोअर्स वाले सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर्स शामिल हुए।

गौरतलब है कि मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप अंतर्गत समावेशी, सुगम एवं सहभागी निर्वाचन के लिए ईव्हीएम एवं वीवीपैट मशीन के संबंध में जनसामान्य को जानकारी दी जा रही है। मतदाताओं को ईव्हीएम एवं वीवीपैट मशीन तथा मतदान केन्द्र में मतदान प्रक्रिया की जानकारी देने के लिए कलेक्टोरेट एवं सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालयों में इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन प्रदर्शन केन्द्र की स्थापना की गई है। इस इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन प्रदर्शन केन्द्र में मतदाताओं को वोटिंग मशीन का बटन दबाकर वोट डालने का प्रयोग कराया जा रहा है। सभी मतदान केन्द्रों में ईव्हीएम का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। वोटर वेरीफाइबल पेपर ऑडिट ट्रेल यानी वीवीपैट व्यवस्था की जानकारी भी दी जा रही है। मतदाताओं को बताया जा रहा है कि वोट डालने के तुरंत बाद कागज की एक पर्ची बनती है। इस पर्ची पर जिस उम्मीदवार को वोट दिया है, उनका नाम और चुनाव चिन्ह छपा होता है। यह पर्ची वीवीपैट के स्क्रीन पर वोटर को 7 सेकेण्ड तक दिखने के पश्चात वीवीपैट के बाक्स में कटकर गिरती है।

# मवेशियों के इलाज के लिए अब गौठानों में पहुंचेगे मोबाइल वेटनरी वाहनः मुख्यमंत्री भूपेश बघेल

## सर्व यादव समाज के प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री का किया अभिनंदन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि गौ-पालन और डेयरी उद्योग को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य शासन ने अनेक कदम उठाए गए हैं। गोधन न्याय योजना प्रारंभ की गई है। इसी कड़ी में अब प्रदेश में हाट-बाजार क्लीनिक योजना की तर्ज पर मवेशियों के इलाज के लिए जल्द ही मोबाइल वेटनरी वाहन प्रारंभ किए जाएंगे। मोबाइल वेटनरी वाहन तय कार्यक्रम के अनुसार गौठानों में पहुंचेंगे जहां ग्रामीण अपने मवेशियों का इलाज करा सकेंगे। मुख्यमंत्री अपने निवास कार्यालय में सर्व यादव समाज के प्रतिनिधि मंडल को संबोधित कर रहे थे।



मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में डेयरी उद्योग को दिए जा रहे प्रोत्साहन से दूध के उत्पादन में 50 हजार लीटर की वृद्धि हुई है। उन्होंने सर्व यादव समाज से राज्य शासन की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाकर डेयरी सेक्टर को मजबूत करने का आव्हान किया। इस अवसर पर सर्व यादव समाज के प्रदेशाध्यक्ष रमेश यदु के नेतृत्व में समाज के प्रतिनिधि मंडल ने प्रदेश के विभिन्न जिलों में यादव समाज को सामाजिक भवन के लिए जमीन और आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के लिए मुख्यमंत्री बघेल का चांदी का मुकुट तथा गजमाला पहनाकर तथा भगवान कृष्ण की प्रतिमा और बैलगाड़ी का प्रतीक चिन्ह भेंट कर अभिनंदन किया।

मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधि मंडल को संबोधित करते हुए कहा कि विभिन्न विधानसभाओं में भेंट-मुलाकात के दौरान यादव समाज सहित सभी समाजों को रियायती दर पर जमीन तथा भवन निर्माण के लिए आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। सामाजिक भवन होने से विभिन्न समाजों को सामाजिक कार्यक्रमों के आयोजन में सहूलियत होगी।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए खेती-किसानी, पशुपालन को बढ़ावा दिया जा रहा है। गौठानों को रूरल इंडस्ट्रीयल पार्क के रूप में विकसित कर वहां महिलाओं और युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। हाल ही में टाटा टेक्नालाजिस के साथ 36 आईटीआई के उन्नयन के लिए 1188 करोड़ रूपये की परियोजना का एमओयू किया गया है। इन आईटीआई में युवाओं को आधुनिक ट्रेडों में प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे युवाओं को आसानी से रोजगार के बेहतर अवसर मिल सकें। सर्व यादव समाज के प्रदेशाध्यक्ष रमेश यदु ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार प्रकट करते हुए बताया कि मुंगेली और भाटापारा में यादव समाज का भवन बनकर तैयार हो गया है। अंबिकापुर सहित अनेक स्थानों पर मुख्यमंत्री जी की घोषणा के अनुसार जमीन समाज को आबंटित कर दी है। इस अवसर पर यादव समाज के सर्वश्री अटल बिहारी यादव, केनूराम यादव, देवनारायण यादव, सुशील यादव, कमलेश यादव, गणेश यादव, परसादी यादव, रासबिहारी यादव, रामपुकार यादव, रामचंद्र यादव, पप्पु यादव, सुरेश यादव, निलेश यादव, परमेश्वर यादव सहित विभिन्न जिलों से आए यादव समाज के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## शासन की योजनाओं का धरातल पर क्रियान्वयन में आईएएस अधिकारियों की महती भूमिकाः मुख्यमंत्री

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल राजधानी के एक निजी होटल में आयोजित आईएएस कॉन्क्लेव 2023 के समापन समारोह में शामिल हुए। उन्होंने इस दौरान छत्तीसगढ़ में शासन की योजनाओं का धरातल पर क्रियान्वयन में आईएएस अधिकारियों की महती भागीदारी का जिक्र करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

मुख्यमंत्री बघेल ने आगे कहा कि आईएएस अधिकारियों का कार्यक्षेत्र व्यापक और चुनौतीपूर्ण होता है। इसे सही दिशा देने में अधिकारियों को चाहिए कि वे अपने दायित्व का निर्वहन पूरी निष्ठा के साथ कुशलतापूर्वक करें। एक आईएएस अधिकारी का कार्य हर वर्ग सहित आम जनता से सीधा-सीधा जुड़ा हुआ होता है। इसे ध्यान में रखते हुए जनहित में योजनाओं तथा कार्यक्रमों का बेहतर से बेहतर क्रियान्वयन के लिए हमेशा तत्पर होकर कार्य करें और आम आदमी को उसका अधिक से अधिक लाभ पहुंचाए।



मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि एक आईएएस अधिकारी की अपने कार्यक्षेत्र में महत्वपूर्ण जवाबदेही होती है। इसके लिए सफल दायित्व निर्वहन हेतु अधिकारियों में व्यवहार कुशलता के साथ-साथ संवेदनशीलता की भी स्पष्ट झलक मिलनी चाहिए, जिससे हर जरूरतमंद व्यक्ति अपनी बातों को बेहिचक उनके सामने साफ-साफ रख सके। उन्होंने कहा कि इस तरह छत्तीसगढ़ के विकास और लोगों की उन्नति के लिए आगे भी उनका योगदान तथा महत्वपूर्ण भागीदारी बनी रहे।

समारोह को मुख्य सचिव अमिताभ जैन तथा अध्यक्ष आईएएस एसोसिएशन छत्तीसगढ़ मनोज पिंगुआ ने भी सम्बोधित किया और मुख्यमंत्री बघेल के कुशल मार्गदर्शन के लिए आभार जताया। कार्यक्रम में अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू सहित ऐसोसिएशन के पदाधिकारी और राज्य के समस्त आईएएस अधिकारी उपस्थित थे।

# सरकार की प्राथमिकता के कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण करना विभाग की जिम्मेदारीः मंत्री मोहन मरकाम

## रायपुर और दुर्ग संभाग में आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग के काम-काज की समीक्षा

### सभी आश्रम-छात्रावासों में मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करें

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास मंत्री मोहन मरकाम ने कहा है कि सरकार की प्राथमिकता के कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण करना विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार पर विशेष ध्यान दे। शासन की योजनाओं का लाभ इन वर्गों को मिले यह सुनिश्चित करें। आश्रम-छात्रावासों में कमियों को दुरुस्त कर ले। मंत्री मरकाम आज आदिम जाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान नवा रायपुर, अटल नगर के सभा कक्ष में रायपुर एवं दुर्ग संभाग में विभाग द्वारा संचालित योजना के काम-काज की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में सचिव आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास डी.डी. सिंह, आयुक्त शम्मी आबिदी सहित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। मंत्री मरकाम ने निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए प्रगति की जानकारी ली और संभाग के अधिकारियों को विभाग के निर्माण में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा संचालित आश्रम और छात्रावास निर्माण और मरम्मत के लिए पर्याप्त राशि स्वीकृत की गई है। बरसात के मौसम में रंगाई-पोताई कार्य को छोड़कर अन्य कार्यों को 10 अगस्त तक पूर्ण कर लिया जाए। छात्रावास एवं आश्रम संचालन के दिशा-निर्देशों का पालन और समय-समय पर आकस्मिक निरीक्षण भी करें। आश्रम-छात्रावासों में साफ-सफाई पर ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि आश्रम-छात्रावासों में बच्चों को ताजा भोजन, मानसून में बच्चों को पानी उबालकर पीने के लिए दिया जाए। बीमार होने पर बच्चों का तत्काल इलाज कराएं। छात्रावास-आश्रम संचालन के संबंध में अधीक्षकों की बैठक लेकर उन्हें सभी जरूरी हिदायतें दे तथा आश्रम-छात्रावास अधीक्षक मुख्यालय में रहना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सभी आश्रम-छात्रावासों में मूलभूत सुविधाएं होनी चाहिए। आकस्मिक निरीक्षण के समय कमी पाए जाने पर संबंधित के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।



मंत्री मरकाम ने वन अधिकार पत्र के क्रियान्वयन की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी वन अधिकार पत्रधारियों को वन अधिकार ऋण पुस्तिका वितरित की जाए, जिससे वे शासन की सभी योजनाओं का लाभ उठा सकें। उन्होंने कहा कि जिनको वन अधिकार पत्र प्रदान किया गया है, उन्हें अन्य विभागों की योजना से अभिसरण कर लाभान्वित किया जाए। जिन गांवों में अन्य विभागों से कार्य कर लाभान्वित करने की योजना तैयार कर ली गई हो, उन गांवों को आदर्श गांव घोषित करने की कार्रवाई की जाए। बैठक में बताया गया कि रायपुर संभाग में 53 हजार 554 और दुर्ग संभाग में 32 हजार 855 व्यक्तिगत वन अधिकार पत्र वितरित किए जा चुके हैं। रायपुर संभाग में 3 हजार 109 और दुर्ग संभाग में 3 हजार 726 सामुदायिक वन अधिकार का वितरण हो चुका है। इसी प्रकार रायपुर संभाग में 369 और दुर्ग संभाग में 138 सामुदायिक वन संसाधन अधिकार पत्र का वितरण किया जा चुका है। विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूह के वन अधिकारों की प्रगति की जानकारी देते हुए अधिकारियों ने बताया कि रायपुर संभाग में व्यक्तिगत वन अधिकार पत्र 3 हजार 803, सामुदायिक वन अधिकार 477 और सामुदायिक वन संसाधन अधिकार पत्र 45 वितरित किए जा चुके हैं। दुर्ग संभाग में व्यक्तिगत वन अधिकार पत्र 2 हजार 718, सामुदायिक वन अधिकार 240 और सामुदायिक वन संसाधन अधिकार पत्र 19 वितरित किए जा चुके हैं।

# सड़कों पर पशुओं का विचरण रोका जाएगा, मुख्य सचिव ने ली बैठक



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** उच्च न्यायालय के निर्देशों के परिपालन में सड़कों पर पशुओं के विचरण से होने वाले नुकसान को रोकने स्थाई हल निकालने के लिए मुख्य सचिव अमिताभ जैन की अध्यक्षता में आज यहां मंत्रालय महानदी भवन में अधिकारियों की उच्च स्तरीय बैठक सम्पन्न हुई। मुख्य सचिव ने सड़कों पर पशुओं के विचरण को रोकने के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों से गहन विचार-विमर्श किया और इस संबंध में अधिकारियों को शीघ्र ही समुचित कार्यवाही सुनिश्चित करने कहा है। मुख्य सचिव ने लोक निर्माण, राष्ट्रीय राजमार्ग, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण और स्थानीय निकायों के अधिकारियों को अपनी-अपनी सड़कों पर पिछले वर्षों में पशुओं के विचरण से हुई दुर्घटनाओं की जानकारी संधारित कर ऐसे दुर्घटना जन्य स्थलों को चिन्हित करने के निर्देश दिए हैं।

मुख्य सचिव ने पशुधन विकास विभाग के अधिकारियों से गौशालाओं, गौठानों, कांजी हाउस एवं अन्य एनिमल शेटलर्स की जानकारी ली। उन्होंने कहा है कि पशुपालकों को सड़कों पर अपने मवेशियों को नही आने देने के लिए आवश्यक समझाइश दी जाए। इसी तरह से विधि विभाग के अधिकारियों को भी इस संबंध में आवश्यक कानूनी प्रावधानों की अद्यतन जानकारी तैयार करने के निर्देश दिए है। बैठक में परिवहन विभाग की लीड एजेंसी के अधिकारी संजय शर्मा ने मुख्य सचिव महोदय की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा परिदृश्य की राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक में लिए गए निर्णयों के अनुक्रम में मवेशी मुक्त सड़क हेतु किए गए विभिन्न प्रयासों की जानकारी दी।

बैठक में कृषि एवं पशुधन विकास विभाग के सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के सचिव प्रसन्ना आर., नगरीय प्रशासन विभाग के विशेष सचिव डॉ. अयाज तम्बोली, संचालक नगरीय प्रशासन एवं विकास सारांश मित्तर, संचालक पशुधन विकास चंदन त्रिपाठी सहित विधि, परिवहन, लोक निर्माण, राष्ट्रीय राजमार्ग, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, नगरीय प्रशासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारी शामिल हुए।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243























# कान बहने पर अपनाएं ये 5 घरेलू नुस्खे जल्द मिलेगा समस्या से छुटकारा

मौसम में बदलाव, संक्रमण और साफ-सफाई पर ध्यान न देने जैसे कई कारण हैं, जो कान बहने की समस्या उत्पन्न कर सकते हैं। इस समस्या से ग्रस्त व्यक्ति के कान से तरल पदार्थ निकलता है और चिकित्सकीय भाषा में इसे ओटोरिया कहते हैं। यह एक आम समस्या है, लेकिन अगर इसका तुरंत समाधान नहीं किया जाए तो इससे कान में जलन और दर्द हो सकता है। आइए इस समस्या से राहत दिलाने वाले 5 घरेलू नुस्खों के बारे में जानें।

## सेब के सिरके का करें इस्तेमाल

सेब के सिरके में एंटी-बैक्टीरियल गुण होते हैं, जो संक्रमण पैदा करने वाले कीटाणुओं को मारकर कान का बहना रोक सकते हैं। लाभ के लिए 1 चम्मच सेब का सिरका गर्म पानी में मिलाएं और फिर इस घोल में रुई भिगोकर इसे प्रभावित कान में डालें। जिस कान में रुई है, उसी तरफकरवट लेकर लेट जाएं और रुई को कुछ मिनटों के लिए कान के तरल पदार्थ को सोखने दें। ऐसा आप दिन में 2 बार कर सकते हैं।

## नीम का तेल आएगा काम

नीम के तेल में एंटी-बैक्टीरियल, एंटी-वायरल और एंटी-फंगल गुण होते हैं। ये गुण कान के दर्द को कम करने और कान का बहना दूर करने में मदद कर सकते हैं। लाभ के लिए प्रभावित कान में नीम के तेल की कुछ बूंदें डालें। इसके बाद कान को रुई से ढक लें और इसे हटाने से पहले कुछ मिनट के लिए लेट जाएं। जब तक समस्या दूर ना हो तब तक इस नुस्खे को रोजाना 2 बार दोहराएं।

## गर्म सिकाई करें

अगर आपके कान बहने का कारण संक्रमण है तो गर्म सिकाई की मदद से इसे दूर किया जा सकता है। लाभ के लिए हॉट पैड से प्रभावित कान की सिकाई करें। अगर हॉट पैड न हो तो गैस पर तवे को गर्म करें और फिर एक सूती कपड़े की कई तह बनाकर उसे गर्म तवे से लगाएं। इसके बाद इससे कान की सिकाई करें। इससे आपको काफी आराम मिलेगा।

## लहसुन भी है प्रभावी

कान का बहना रोकने में लहसुन भी काफी मदद कर सकता है। लाभ के लिए लहसुन की 1-2 कली को थोड़े से तिल के तेल या फिर सरसों के तेल में गर्म कर लें और फिर इसे ठंडा होने दें। जब यह ठंडा हो जाए तो इयरबड की मदद से प्रभावित कान में यह तेल डालें। ऐसा लगातार कुछ दिनों तक करते रहने से कान का बहना रूक जाएगा।

## तुलसी से मिलेगी राहत

कान का बहना दूर करने के लिए तुलसी का भी इस्तेमाल किया जा सकता है। इसका कारण है कि तुलसी में एंटी-ऑक्सीडेंट गुण मौजूद होता है, जो कान में जमा गंदगी को दूर कर उसकी सफाई करने में सहायक है। लाभ के लिए कुछ तुलसी की पत्तियों को पीसकर प्रभावित कान में लगाएं। इससे आपको जल्द समस्या से राहत मिलेगी। रोजाना दिन में 2-3 बार इस प्रक्रिया को दोहराएं।

# टाइगर 3 से लीक हुई सलमान खान की तस्वीरें



बॉलीवुड के सुपरस्टार सलमान खान ने लगभग 4 साल बाद किसी का भाई किसी की जान के साथ बड़े पर्दे पर वापसी की थी, लेकिन यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकी। ऐसे में सलमान के प्रशंसक उनकी आगामी फिल्मों का बेताबी से इंतजार कर रहे हैं, जिसमें टाइगर 3 शुमार है। अब टाइगर 3 से सलमान की तस्वीरें सोशल मीडिया पर लीक हो गई हैं, जिसमें भाईजान धांसू अवतार में नजर आ रहे हैं।


एक रिपोर्ट के मुताबिक, स्वतंत्रता दिवस (15 अगस्त) के खास मौके पर निर्माता टाइगर 3 से सलमान का पहला पोस्टर जारी करने पर विचार कर रहे हैं। टाइगर फ्रेंचाइजी के तीसरे भाग टाइगर 3 का निर्देशन मनीष ने किया है। फिल्म इस दिवाली पर हिंदी सहित तमिल और तेलुगू भाषा में सिनेमाघरों में दस्तक देगी। फिल्म में इमरान हाशमी और कैटरीना कैफ भी मुख्य भूमिका में शामिल हैं।

फिलहाल सलमान की झोली में 3 फिल्में आने को तैयार हैं। हालांकि, अभी उन्होंने किसी पर भी औपचारिक मुहर नहीं लगाई है।

सलमान के आगामी प्रोजेक्ट्स में सबसे ज्यादा चर्चा सूरज बड़जात्या की फिल्म प्रेम की शादी की हो रही है। लंबे समय बाद बड़जात्या ने प्रेम से हाथ मिलाया है। पहले चर्चा थी कि इस साल के अंत तक वह इस फिल्म की शूटिंग शुरू कर देंगे।

रिपोर्ट के अनुसार अब उन्होंने इसे अगले साल तक के लिए टाल दिया। बड़जात्या इन दिनों अपने बेटे अविनाश बड़जात्या की फिल्म दोनों में व्यस्त हैं।

# पिंक आउटफिट में वर्कआउट के दौरान नेहा मलिक ने दिए सिजलिंग पोज
# फैंस ने थामें अपने दिल



एक्ट्रेस नेहा मलिक ने अपने आउटफिट से अक्सर सोशल मीडिया पर कहर बरपाए रहती हैं। उनकी ग्लैमरस तस्वीरें फैंस को काफी पसंद आती हैं। फैंस उनकी एक झलक के लिए बेताब रहते हैं। वहीं, उनका लेटेस्ट वर्कआउट करते हुए आउटफिट काफी तेजी से वायरल हो रहा है। भोजपुरी एक्ट्रेस नेहा मलिक ने वर्कआउट करते हुए पिंक जंपसूट में अपनी बेहद ही सिजलिंग तस्वीर क्लिक करवाई हैं।

कभी डंबल उठाते हुए तो कभी रॉड के साथ एक्ट्रेस नेहा मलिक ने अपनी तस्वीरों से फैंस के दिलों की धड़कनें बढ़ा दी हैं। एक्ट्रेस नेहा मलिक अपने दिन की शुरूआत गर्म पानी में एप्पल साइडर विनेगर के साथ करती हैं। नेहा मलिक अपनी फिटनेस को लेकर काफी एक्साइटेड रहती हैं, उनकी तस्वीरें फैंस को काफी पसंद आती हैं। एक्ट्रेस नेहा मलिक और खेसारी लाल का सॉन्ग तेरे मेरे दरमियान काफी पसंद किया गया। फैंस उनकी एक-एक तस्वीर का बेसब्री से इंतजार करते रहते हैं। वहीं, नेहा मलिक अपने फैंस के दिलों की धड़कनों का कोई भी मौका नहीं छोड़ती हैं। नेहा मलिक ने साल 2016 में भोजपुरी फिल्म 'भनवानी का जल' से डेब्यू किया था। नेहा मूल रूप से पंजाब की रहने वाली हैं। लेकिन, भोजपुरी इंडस्ट्री में इनका अलग ही जलवा कायम है। नेहा मलिक की इंस्टाग्राम पर तगड़ी फैन फॉलोइंग है। उनके इंस्टा अकाउंट पर 4.1 मिलियन फॉलोवर्स हैं। सोशल मीडिया पर अपने हुस्न का जलवा बिखेरने वाली एक्ट्रेस नेहा मलिक अपने निजी और प्रोफेशनल लाइफ को शेयर करती रहती हैं।

### हर वर्किंग वुमेन को पॉश एक्ट के बारे में होनी चाहिए जानकारी
# हैरेसमेंट की रिपोर्ट करने में होगी आसानी



महिलाओं के साथ वर्क प्लेस पर अक्सर हैरेसमेंट की खबर सामने आती है। इस तरह के मामले सेक्सुअल हैरेसमेंट ऐट वर्क प्लेस यानी काम की जगह पर होने पर यौन शोषण के दायरे में आते हैं। हैरेसमेंट आपका बॉस या कलीग कोई भी हो सकता है। कई बार हैरेसमें का शिकार होने के बावजूद महिलाएं चुप रहती हैं। कुछ को तो ये भी मालूम नहीं होता है कि आखिर शिकायत करनी कहां है। यही वजह है कि महिलाओं को दफ्तरों में सेक्सुअल हैरेसमेंट से सुरक्षित रखने के लिए पॉश यानी के प्रोटेक्शन ऑफ वूमेन फ्रॉम सेक्सुअल हैरेसमेंट एट वर्कप्लेस बनाया गया है। आइए पॉश एक्ट के बारे में विस्तार से जानते हैं। इस आर्टिकल में ये भी जानेंगे कि किस तरह का हैरेसमेंट पॉश एक्ट के तहत आता है।

## क्या है पॉश एक्ट

पॉश एक्ट बहुत ही जरूरी स्टेप है जो यह सुनिश्चित करने में मदद करता है कि वर्किंग प्लेस पर महिलाएं सुरक्षित माहौल में काम करें। हर कामकाजी महिलाओं को पॉश एक्ट के बारे में जरूर जानना चाहिए। अब तक कई ऐसी महिलाएं हैं जिन्हें इसके बारे में कोई भी जानकारी नहीं है। दरअसल ये एक्ट भारत में 2013 में काम करने की जगह पर महिलाओं के साथ होने वाले सेक्सुअल हैरेसमेंट को रोकने के लिए बनाया गया था। इस एक्ट के तहत महिलाओं के साथ होने वाले किसी भी तरह के सेक्सुअल हैरेसमेंट की शिकायत की जा सकती है। यह सभी वर्कप्लेस पर होना जरूरी है। इसके बारे में सभी कर्मचारियों को पता होना चाहिए कि आपको वर्कप्लेस में कैसा व्यवहार करना है। अगर कोई भी व्यक्ति किसी के साथ ऑफिस में कोई गलत हरकत करता है तो इस एक्ट के तहत शिकायत की जा सकती है। इस कमेटी के मेंबर में कम से कम 50 फीसदी महिलाओं का होना जरूरी है। इस कमेटी का काम होता है पॉश के अंदर आने वाली सभी तरह की शिकायत की समीक्षा करना और इसके खिलाफ नियमों के हिसाब से कार्यवाही करना।

## इतने दिनों में दर्ज होनी चाहिए शिकायत

इस एक्ट के तहत 90 दिनों के इसके लिए ऑफिस में बनी इंटरनल कमेटी या फिर पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई जा सकती है कई बार आप ऑफिस में कंप्लेंट कर सकते हैं और मामला गंभीर होता है तो ऑफिस की कमेटी भी पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराती है ऑफिस के इंटरनल कमेटी को 10 दिन में अपनी जांच रिपोर्ट कंपनी को देनी होती है और दोषी पाए जाने पर कंपनी आरोपी को सजा देती है।

## पॉश के तहत किस तरह का हैरेसमेंट होता है?

- फिजिकल कॉन्टैक्ट या किसी को भी गलत तरीके से छूना, इशारे करना, शारीरिक रूप से असहज महसूस कराना
- किसी भी तरह के सेक्सुअल फेवर मांगना।
- किसी भी तरह का सेक्सुअल रिमार्क करना।
- पोर्नोग्राफी से जुड़े मटेरियल भेजना।

# बिग बॉस ओटीटी-2 से बाहर हुई फलक नाज



बिग बॉस ओटीटी 2 इस हफ्ते शॉकिंग एलिमिनेशन हुआ है। इस हफ्ते होस्ट सलमान खान ने सभी दर्शकों को जबरदस्त झटका देते हुए बड़े एविक्शन का अनाउंसमेंट किया। वीकेंड का वार कई कंटेस्टेंट्स को भारी पड़ा। इस हफ्ते शो की पावरफुल खिलाड़ी फलक नाज को बाहर कर दिया गया है। जी हां इस हफ्ते बिग बॉस ओटीटी से फलक नाज एविक्ट हो गई हैं। इस एविक्शन ने उनके घर के अंदर उनके दोस्त अविनाश सचदेव को भी बड़ा झटका दिया। फलक के जाने पर अविनाश इमोशनल हो गए।

इस हफ्ते आशिका भाटिया, अविनाश सचदेव, एल्विश यादव और जिया शंकर भी नॉमिनेट हुए थे, जिसके बाद सबसे ज्यादा वोट फलक को मिले। फलक का नाम बार-बार सामने आने पर सलमान खान ने फलक नाज की साइड लेते हुए कहा कि जद हमेशा कहते हैं कि उन्हें शो में नहीं रहना, जबकि फलक नाज शो में रहने की कोशिश करती हैं। फिर भी ज्यादातर लोगों ने उनका नाम लिया है।

पहले किसी को भी यकीन नहीं हो रहा था कि फलक नाज बेघर हो गई हैं, लेकिन फिर दरवाजा खुलने के बाद वह चली गईं। फलक के जाने के बाद अविनाश सचदेव काफी इमोशनल हो गए और फलक से कहा प्लीज शो के बाहर मेरा इंतजार करना। अविनाश और फलक के बीच शो में काफी गहरी बॉन्डिंग देखी गई थी।, अविनाश ने फलक के लिए अपने प्यार का भी इजहार किया था। हालांकि, फलक ने अविनाश के लिए अपनी फीलिंग्स कभी जाहिर नहीं की थीं। लेकिन शो में दोनों हमेशा साथ ही नजर आते थे।

बता दें कि पिछले हफ्ते कॉमेडियन कृष्णा अभिषेक ने बिग बॉस के वीकेंड का वार की होस्टिंग की थी। ऐसे में सलमान खान की गैरमौजूदगी में कोई एविक्शन नहीं हुआ था। पिछले हफ्ते शो में दो कंटेस्टेंट्स आशिका भाटिया और एलविश यादव की वाइल्ड कार्ड एंट्री हुई थी। दोनों ही खिलाड़ी शो में बस चुके हैं। खासतौर पर एलविश यादव को सोशल मीडिया पर खूब प्यार मिल रहा है। दर्शक यहां भी एलविश का रोस्टिंग वाला अंदाज पंसद कर रहे हैं।

# रवीना टंडन की नई फिल्म वन फ्राइडे नाइट का ऐलान, टीजर भी आया सामने

बॉलीवुड अभिनेत्री रवीना टंडन ने सोमवार को अपनी नई फिल्म का ऐलान कर दिया है, जिसका नाम वन फ्राइडे नाइट रखा गया है। इसमें रवीना के साथ मिलिंद सोमन और विधि चितालिया जैसे कलाकार अभिनय करते नजर आएंगे। इसके साथ निर्माताओं ने वन फ्राइडे नाइट का टीजर जारी कर दिया है, जो सस्पेंस और थ्रिल से भरपूर है।रवीना की वन फ्राइडे नाइट का निर्देश मनीष गुप्ता द्वारा किया जाएगा, जबकि इसका निर्माण ज्योति देशपांडे कर रही हैं। वन फ्राइडे नाइट ओटीटी प्लेटफॉर्म जियो सिनेमा पर रिलीज होगी। इसका प्रीमियर 28 जुलाई से होगा।जियो सिनेमा पर अपने आधिकारिक ट्विटर पर वन फ्राइडे नाइट का टीजर साझा किया है। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, क्या होता है जब वन फ्राइडे नाइट पर एक रोमांचक समय दु:स्वप्न में बदल जाता है? रवीना टंडन, मिलिंद सोमन और विधि चितालिया अभिनीत रोमांच, प्यार और धोखे की इस कहानी का गवाह बनें।इसकी कहानी रमेश रवींद्रनाथ और कमल चोपड़ा ने लिखी है। 90 के दशक की सबसे मशहूर अभिनेत्रियों में रवीना टंडन भी शामिल हैं। रवीना उस समय कॉलेज में थीं जब उन्हें शांतनू शीरोय से एक फिल्म का प्रस्ताव मिला। बचपन से फिल्मों से लगाव के कारण रवीना ने कॉलेज छोड़ दिया और फिल्म को हां कह दिया। रवीना ने सन 1992 में आई फिल्म पत्थर के फूल से बॉलीवुड में अभिनय की शुरुआत की। पत्थर के फूल जबरदस्त कामयाब फिल्म रही और इसी के साथ रवीना ने खुद को बॉलीवुड में स्थापित कर लिया।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243


Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है
मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332


## खास खबर

### छत्तीसगढ़ की टीम ने तमिलनाडु की कार्यशाला में दी अपनी भागीदारी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के समाज सेवियों की टीम ने तमिलनाडु के मदुरई शहर में 'सामाजिक अर्थव्यवस्था का उन्नयन' के विषय पर आयोजित कार्यशाला में भागीदारी की। प्रोग्रेसिव यूटिलाइजेशन ऑफरिसर्च एंड इकोनॉमिक्स (प्योर) और डॉक्टर्स ऑन स्ट्रीट (दोस्त) नामक सामाजिक संस्थाओं के संस्थापक रायपुर के डॉ. सत्यजीत साहू ने कार्यशाला में छत्तीसगढ़ की परिस्थितियों के संदर्भ में किये जाने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी दी उन्होंने कृषि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था की बेहतरी के लिए छत्तीसगढ़ मॉडल का ज़िक्र करते हुए कहा कि इसके सकारात्मक ,उत्साहवर्धक और अच्छे प्रभावों का अध्ययन किया जाना देश के लिए ज़रूरी है। डॉ तमिलनाडु प्रवास के दौरान डॉ. सत्यजीत साहू ने मोबाइल फोन पर आज यहाँ बताया कि उनके नेतृत्व में छत्तीसगढ़ की टीम तमिलनाडु में आम जनता के सामाजिक -आर्थिक विकास के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं का अध्ययन भी कर रही है। मदुरई में इस सामुदायिक कार्यशाला का आयोजन 'वालिंट्री एसोसिएशन फ़ॉर पीपल सर्विसेज़ 'और ' ग्रीनफेम ' तमिलनाडु ने किया । वालिंट्री एसोसिएशन फ़ॉर पीपल सर्विसेज़ के संस्थापक अरूल और ग्रीन फ़ेम के ईलामथी ने इस कार्यशाला को संचालित किया। दिल्ली स्कूल ऑफ सोशल सांईस और आई आई एम की विज़िटिंग फ़ैकल्टी लक्ष्मी मेमन ने कार्यशाला का उदघाटन किया। उन्होंने कहा कि आधुनिक अर्थव्यवस्था में देश के गरीब और निचले तबके को भी पर्याप्त स्थान मिलना चाहिए। सामाजिक , नैतिक और सर्वभौमिक मूल्यों को दरकिनार करके सिर्फ़ लाभ कमाने की नीति ने दुनिया में विसंगतियों को बढ़ावा दिया है । उन्होंने अहिंसक और शांतिपूर्ण अर्थव्यवस्था के लिए सबके सहयोग की ज़रूरत पर जोर दिया। कार्यशाला में रायपुर (छत्तीसगढ़ ) के ही सुनील शर्मा ने ग्रीनफैम के द्वारा आधुनिक टेक्नोलॉजी के साथ महिलाओं के विकास के लिए किए जा रहे कार्यों की सराहना की।

### बाबा बैजनाथ जाने वाले बोल बम कांवरिया को तिलक लगाकर उनका स्वागत किया गया

**दल्लीराजहरा।** बाबा बैजनाथ जाने वाले बोल बम कांवरिया को तिलक लगाकर और फूलों की वर्षा कर गुलाबों की पंखुड़ियों से उनका स्वागत किया गया। सभी जाने वाले शिव भक्तों की जैन भवन चौक में मातृशक्ति के द्वारा आरती उतारी गई तथा बोल बम का जयघोष कर पूरा पूरा जैन भवन चौक भक्ति में डूब गया। विश्व हिंदू परिषद नगर अध्यक्ष शंकर साहू द्वारा जय जय कार कर सभी को यात्रा की शुभकामनाएं दी। जिला उपाध्यक्ष नीलेश श्रीवास्तव द्वारा उद्बोधन में कहा गया आप सभी का यात्रा सफल हो और भोले बाबा की नगरी जाकर दल्ली राजहरा के विकास और उज्जवल भविष्य की कामना जल चढ़ाकर अवश्य करें। मातृशक्ति जिला संयोजिका सत्या साहू, नंदा पसीने ,रूमा राय, जानकी यादव, अनुराधा सिंह ने सभी जाने वाले यात्रियों का उत्साहवर्धन कर यात्रा मंगलमय की कामना किया गया ।शिव संस्कार धाम सेवा समिति दल्ली राजहरा के हेम शंकर साहू द्वारा और उनके टीम के द्वारा एक अच्छी पहल दल्ली राजहरा से की गई जिसमें सभी श्रद्धालु एक साथ इकट्ठा होकर भोले बाबा की धाम जाते हैं जिसकी शुरुआत हेमशंकर साहू और उनकी टीम द्वारा की गई जिसके लिए बहुत बधाई विश्व हिंदू परिषद ऐसी पहल का स्वागत करता है प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी शिव संस्कार धाम से बोल बम सेवा समिति बाबा वैधनाथ धाम के लिए 66 लोगों का जत्था जैन भवन चौक से रवाना हुआ।

### तेजी से फैल रहे आई-फ्लू से बचाव के लिए जिले वासियों से की गई अपील

**कोरबा।** जिले में हो रही अनिश्चित बारिश एवं उमस के बीच लोगों में आई-फ्लू का संक्रमण तेजी से फैल रहा है। एक-दूसरे के संपर्क में आने से स्कूली बच्चों एवं उनके परिवार के सदस्य भी आई-फ्लू से संक्रमित हो रहे हैं। अस्पतालों में मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है। जिला चिकित्सालय में प्रतिदिन 20-25 आई-फ्लू के मरीज इलाज के लिए आ रहे हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने कहा कि आई-फ्लू से संक्रमित मरीजों को चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। चिकित्सकीय उपचार एवं आवश्यक सावधानी बरतने से यह रोग कुछ दिनों में ठीक हो जाता है। उन्होंने आई-फ्लू संक्रमण के लक्षण के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि इस संक्रमण से मरीज की आंखों में सूजन और दर्द के साथ आँखे लाल होना, एक या दोनो आँख में जलन या खुजली होना, आँखों से असामान्य रूप से अधिक आँसू तथा सफेद गाढ़ा डिस्चार्ज निकलना, आँखो में किरकिरी महसूस होता है। सीएमएचओ ने कहा कि आई-फ्लू के संक्रमण से कुछ सावधानियाँ अपनाकर बचा जा सकता है। आँखों में इन्फेक्शन होने पर उसे बार-बार मत छूएं, आँख से पानी आने की स्थिति में उसे पोंछने के लिए साफटिश्यू का इस्तेमाल करें, जिसे दोबारा प्रयोग में नहीं लाएं।

# जब शाह आते है उसी समय ईडी आईटी की कार्यवाही क्यों होती है - कांग्रेस

श्रीकंचपनथ न्यूज

**रायपुर। जब-जब अमित शाह छत्तीसगढ़ आते है उसके ठीक पहले ईडी आईटी की छापे संयोग है या प्रयोग भाजपा को स्पष्ट करना चाहिये। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि अमित शाह कोरबा आये थे, उसके पहले अमित शाह बस्तर आये, उसके पहले और जब रायपुर आये उसके पहले ईडी आईटी की कार्यवाही यह साबित करने के लिये पर्याप्त है कि यह सारी कार्यवाही भाजपा की राजनैतिक साजिश है अमित शाह इन छापों की क्रोनोलाजी प्रदेश की जनता को समझाये।**



छत्तीसगढ़ में राजनैतिक रूप से कांग्रेस का मुकाबला नहीं कर पा रही भाजपा ईडी और आईटी को आगे करती है। छत्तीसगढ़ की जनता जानना चाहती है यह रिश्ता क्या कहलाता है?

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भाजपा ने अपने सत्ता बल का दुरुपयोग कर केंद्रीय जांच एजेंसियों को भाजपा का मोर्चा, संगठन, बना दिया है। इसीलिये भाजपा की प्रमुख अनुषांगिक संगठन ईडी मोर्चा, आईटी मोर्चा ने अपना चुनावी काम शुरू कर दिया है। कांग्रेस की राजनैतिक गतिविधियां रोकने भाजपा ईडी के साथ साजिश कर रही है। भारतीय जनता पार्टी कांग्रेस सरकार और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की लोकप्रियता का राजनैतिक रूप से मुकाबला नहीं कर पा रही है तो वह केंद्रीय जांच एजेंसियों को दुरूपयोग कर कांग्रेस सरकार की छवि खराब करने का षडयंत्र रच रही है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी जहां पर राजनैतिक रूप से सीधा मुकाबला नहीं कर पाती, वहां पर वह केंद्रीय जांच एजेंसियों ईडी, सीबीआई, आईटी को आगे कर अपना राजनैतिक मंतव्य साधने का प्रयास करती है। छत्तीसगढ़ में भाजपा के पास जनसरोकारों का कोई मुद्दा नहीं बचा है। भाजपा लगातार राज्य में जनता का भरोसा खोते जा रही है उसके कार्यकर्ताओं में हताशा का माहौल है ऐसे में अपने राजनैतिक वजूद को बचाने भाजपा ईडी, सीबीआई, आईटी का दुरुपयोग कर राज्य सरकार की छवि खराब करने में लगी है। पिछले चार साल में छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार के ऊपर भाजपा 1 रू. का भी प्रमाणित भ्रष्टाचार का आरोप लगा नहीं पाई है तो अधिकारियों, व्यापारियों के यहां छापेमारी कर वातावरण बनाने की तैयारी की जा रही है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रधानमंत्री और इन्फोर्समेंट डायरेक्टर को पत्र लिखकर नान और चिटफंड घोटाले की जांच कराने का अनुरोध किया था। ईडी, आईटी नान घोटाले, चिटफंड घोटाले, पनामा पेपर के अभिषाक सिंह की जांच क्यों नहीं करती है? नान गरीबों के राशन में 36,000 करोड़ का डाका डाला गया है, जब इतनी बड़ी रकम का लेनदेन हुआ है, नान डायरी में सीएम सर, सीएम मैडम, ऐश्वर्या रेसीडेंसी वाली मैडम जैसे दर्जनों नामों का उल्लेख है जिनका मोटी-मोटी रकम देने का भी उल्लेख है। ऐसे में इस अवैध लेनदेन की जांच ईडी क्यों नहीं करती है?

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि रमन सिंह के शासनकाल के 15 साल में चिटफंड कंपनियों ने सरकार के संरक्षण में जनता को लूटने का बड़ा षडयंत्र बनाया था। फर्जी चिटफंड कंपनियों के कार्यालयों का उद्घाटन स्वयं रमन सिंह, उनकी पत्नी और सांसद पुत्र ने किया था। रमन मंत्रिमंडल के आधा दर्जन से अधिक मंत्रियों ने चिटफंड कंपनियों के दफ्तरों का उद्घाटन किया था। सरकारी रोजगार मेले में चिटफंड कंपनियों के स्टॉल लगे थे जिनके माध्यम से एजेंटों की भर्तियां हुई थी। इन चिटफंड कंपनियों ने राज्य की जनता से 6,000 करोड़ से अधिक रू. की उगाही किया था। पुलिस चिटफंड कंपनियों के विरूद्ध जांच कर रही कुछ कंपनियों की संपत्तियां कुर्क कर लोगों के पैसे भी वापस करवाया जा रहा। यदि 6,000 करोड़ रू. का अवैध लेनदेन हजारों लोगों के साथ हुआ है तो इस मामले की ईडी से जांच क्यों नहीं हो रही है? क्यों इस घोटाले में पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष का नाम है इसलिये भाजपा नान और चिटफंड घोटाले की जांच में घबरा रही है। जब काल्पनिक और कूटरचित मुद्दों के आधार पर ईडी कार्यवाही कर सकती है।

## संभाग स्तरीय निःशुल्क योग शिविर का समापन



श्रीकंचपनथ न्यूज

**रायपुर। छत्तीसगढ़ योग आयोग के द्वारा रायपुर स्थित ''योग भवन'' में सरगुजा संभाग के लिए आयोजित सात दिवसीय संभाग स्तरीय आवासीय योग प्रशिक्षण शिविर में 135 शासकीय एवं अशासकीय प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया। समापन कार्यक्रम रायपुर नगर पालिक निगम के महापौर ऐजाज ढेबर के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ योग आयोग के अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा सहित भी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे।**

ऐजाज ढेबर ने प्रशिक्षणार्थी को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ योग आयोग पूरे राज्य में योग को जन-जन तक तक पहुंचाने की दिशा में ईमानदारी के साथ प्रयास कर रहा है इसका प्रभाव स्पष्ट रूप से दिखाई पड़ने लगा है। जगह-जगह आमजन योग के माध्यम से स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर रहे हैं।

इसी तरह संभाग स्तरीय प्रशिक्षण शिविर के माध्यम से लोगों को योग से जोड़ने की पहल नि:संदेह सराहनीय है। शिविर समापन के बाद प्रशिक्षणार्थी अपने-अपने शहरों और गांव में लोगो को योग करने के लिए प्रेरित करेंगे। ज्ञानेश शर्मा ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का आभार प्रकट करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री ने घोषणा के बाद अविलंब वर्किंग वुमन हॉस्टल के खाली भवन को योग आयोग को दिलाया। इसके कारण ही इस भवन के माध्यम से सभी संभागों के लिए योग प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हो रहा है।

इस अवसर पर आयोग के सदस्यगण बस्तर संभाग प्रभारी राजेश नारा, दुर्ग संभाग प्रभारी गणेश नाथ योगी, सचिव एम एल पांडे सहित आयोग के सभी योग प्रशिक्षक, अधिकारी-कर्मचारी व योग साधकगण उपस्थित थे।

## छत्तीसगढ़िया ओलंपिक को लेकर युवाओं में उत्साह

श्रीकंचपनथ न्यूज

**गरियाबंद।** प्रदेश की भूपेश बघेल सरकार द्वारा छत्तीसगढ़िया ओलंपिक का प्रथम वर्ष के अविस्मरणीय अभूतपूर्व सफलता के बाद लगातार दूसरे वर्ष छत्तीसगढ़िया ओलंपिक का शुभारंभ दर्रीपारा में किया गया है ।जिसका उद्देश्य प्रति व्यक्ति में खेल भावना को जागृत करने और छत्तीसगढ़ के पारंपरिक खेलों को प्रोत्साहन देने,युवाओं की प्रतिभा को निखारने के लिए मुख्य तौर पर अनेकों विधाओं में पारंपरिक खेलों को रखा गया है।

ब्लॉक मुख्यालय गरियाबंद के अंतर्गत ग्राम पंचायत दर्रीपारा में राजीव गांधी युवा मितान क्लब के तत्वाधान में हाईस्कूल मैदान दर्रीपारा में रविवार को छत्तीसगढ़िया ओलंपिक का आयोजन किया गया ।ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़िया ओलंपिक 2023 के अंतर्गत सामूहिक खेलों में गिल्ली डंडा,कबड्डी,खो-खो,पिट्ठूल,संखली,लंगड़ी दौड़, रस्साकसी,बांटी (कंचा),सम्मिलित है ।एकल खेलों में बिल्लस, फुगड़ी,गेड़ी दौड़,भंवरा,100 मीटर दौड़,लम्बी कूद के साथ इस वर्ष रस्सीकूद,कुश्ती को भी शामिल किया गया है ।यह प्रतियोगिता तीन वर्गों में 18 से कम आयु वर्ग,18 से 40 वर्ष आयु वर्ग एवं 40 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में महिला एवं पुरुषों का अलग-अलग संपन्न हुआ ।इस कार्यक्रम में ग्राम पंचायत दर्रीपारा सरपंच सुनीता नेताम बतौर मुख्यअतिथि शामिल हुए ।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सुनीता नेताम ने कहा कि छत्तीसगढ़ की खेलकूद,संस्कृति व सभ्यता को बचाये रखने के लिए मुख्यमंत्री ने जो काम किया है,बहुत सराहनीय है ।मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राजीव गांधी युवा मितान क्लब के माध्यम से छत्तीसगढ़िया ओलंपिक का आयोजन करके लुप्त हो रहे भंवरा,बांटी,खो-खो,कबड्डी, ऊंची कूद,लम्बी कूद,फुगड़ी, गेड़ी दौड़,रस्साकसी,बिल्लस आदि को संरक्षित करने का काम किया छत्तीसगढ़ को भारत वर्ष में ही नही पूरे विश्व मे नई पहचान एवं सम्मान मिली है। उक्त कार्यक्रम के अवसर पर राजीव गांधी युवा मितान क्लब के अध्यक्ष नोहर देवांगन,उपाध्यक्ष नवीन वाल्मीक,सचिव खगेश्वर यादव,कोषाध्यक्ष ललित ध्रुव,भानुप्रताप यादव, शबनम खान,रीना विश्वकर्मा,सौरभ विश्वकर्मा सोम,देवा नेताम, हेमंत मंडावी आदि लोग है।

## छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज भिलाई द्वारा छात्रों को जागरूक करने का अभियान लगातार जारी

श्रीकंचपनथ न्यूज

**भिलाई। जिन्दगी न मिलेगी दोबारा चेम्बर का अभियान सभी स्कूलों में सराहा जा रहा है ।इस अभियान में साइबर क्राइम पर छात्रों को जागरूक किया गया कि किसी से भी ओटीपी शेयर न करे,आवांछनिय एप डॉनलोड न करे,यदि किसी के साथ घटना होती है तो 1930 हेल्पलाइन नंबर का उपयोग करे।**



जिंदगी न मिलेगी दोबारा भिलाई के इंदु आई टी स्कूल,के पी एस स्कूल,शकुंतला विद्यालय, सरस्वती विहार विद्यालय,एमबी वीबी विद्यालय, एम जी एम स्कूल,भिलाई पब्लिक स्कूल एवम फोर बेल्स स्कूल में कार्यक्रम सम्पन हुआ।

चेम्बर के महामंत्री अजय भसीन ने इस अभियान में मुख्यरूप से यह बात कही युवा शक्ति किसी भी देश और समाज की रीढ़ होती है।,युवा ही देश और समाज को नए शिखर पर ले जाते हैं।,यह देखा जा सकता है कि हमारे राष्ट्र के लिए कई परिवर्तन, विकास, समृद्धि और सम्मान लाने में युवा सक्रिय रूप से शामिल हुए हैं।,इतना ही नहीं समाज को बेहतर बनाने और राष्ट्र के निर्माण में सर्वाधिक योगदान युवाओं का ही होता है।

भारत एक बड़ा लोकतांत्रिक देश है। किसी भी देश का विकास उस देश के युवाओं पर ही हमेशा से निर्भर करता रहा है। हम यह कह सकते हैं कि युवा ही राष्ट्र का संरचनात्मक और कार्यात्मक ढांचा है। प्रत्येक राष्ट्र की तरक्की का आधार उसकी युवा पीढ़ी होती है, जिसकी उपलब्धियों से उस राष्ट्र का विकास होता है। राष्ट्र का भविष्य युवाओं के सर्वांगीण विकास में निहित है। ऐसा इसलिए कि युवा ही राष्ट्र निर्माण में सर्वोच्च भूमिका का निर्माण करते हैं। अभियान में अच्छा स्वास्थ्य व भोजन में पोषक तत्वों का महत्व अंतरराष्ट्रीय वेलनेस कोच श्री असीम सहगल जी ने बताया। भिलाई चेम्बर अध्यक्ष गार्गी शंकर मिश्रा ने अभियान के आत्म निर्भरता पर अपनी बात रखी। यह अभियान भिलाई के प्रसिद्ध कालेजो में भी लगातार चल रहा है। पूर्व अभियान में महेश बंसल,गीता वर्मा ,सरोजनी पाणिग्रही, प्रकाश चंद सांखला, जेपी गुप्ता, दिलीप पावानी,नीलाद्रि शाह, मोहम्मद हिरानी जी व अनेक पदाधिकारी उपस्थित थे। प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से सूचना शंकर सचदेव ने दी।

## 2023 में फिर से कांग्रेस की सरकार बनेगी-बैज

श्रीकंचपनथ न्यूज

**रायपुर।** 2023 के विधानसभा चुनाव में एक बार फिर से कांग्रेस की सरकार बनेगी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि कांग्रेस का संगठन बूथ स्तर मजबूत है। हम सांगठनिक रूप से भाजपा से मजबूत है। आने वाले एक महिने में हमारा 90 विधानसभा क्षेत्रों में बूथ कार्यकर्ताओं के प्रशिक्षण का संकल्प शिविर पूरा हो जायेगा। आने वाले चुनाव में कांग्रेस सरकार के काम और जनकल्याणकारी योजनायें कांग्रेस सरकार का ब्रह्मास्त्र होगी।



कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह, भाजपाईयों में निराशा का माहौल। भाजपा के पास कांग्रेस का मुकाबला करने के लिये कोई मुद्दा नहीं है। भाजपा हवाहवाई और काल्पनिक मुद्दों पर प्रदेश में राजनीति करना चाह रही जिसके कारण वह जनता से और दूर होते जा रही है। 2018 के विधानसभा चुनाव में दो तिहाई बहुमत से सरकार बनाने के बाद कांग्रेस के प्रति जनता का भरोसा और बढ़ते गया, 5 उपचुनाव, नगरीय निकाय चुनाव, पंचायत चुनावों में जनता ने भाजपा को नकार दिया है। भाजपा कार्यकर्ताओं में हताशा है, कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि आने वाले चुनाव में कांग्रेस के पास बताने के लिये अपने सरकार के गौरवशाली जनहित के काम है। हमारी सरकार ने अपने जन घोषणा पत्र के 95 प्रतिशत वायदों को पूरा किया है। छत्तीसगढ़ में भाजपा मुद्दविहीन है। इसके विपरीत कांग्रेस के पास अपनी सरकार के साढ़े चार सालों के काम की लंबी फेहरिस्त है। 400 यूनिट तक बिजली बिल आधा किया। स्वामी आत्मानंद स्कूल, गोधन न्याय योजना, राजीव गांधी किसान न्याय योजना, राजीव गांधी ग्रामीण कृषि मजदूर न्याय योजना, गोधन न्याय योजना, दाई दीदी क्लिनिक, हाट बाजार क्लिनिक, मुख्यमंत्री शहरी स्वास्थ्य योजना, मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सुविधा योजनाओं से प्रदेश के आम आदमी का भरोसा कांग्रेस के प्रति बढ़ा है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि जनता, कांग्रेस सरकार बनाम भाजपा के 15 साल की तुलना कर रही है। भाजपा ने 2003 में आदिवासियों को 10 लीटर दूध वाली गाय देने का वायदा किया था, हर आदिवासी परिवार से एक को सरकारी नौकरी का वायदा किया था, पूरा नहीं किया। कांग्रेस सरकार ने आदिवासियों से किये वादों को पूरा किया। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार ने चार साल में आदिवासी वर्ग के शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य के एवं कानूनी अधिकार के लिये अनेको कार्य किया। बस्तर क्षेत्र में आदिवासी के वर्ग शिक्षा के लिए 300 से अधिक बंद स्कूलों को खोला गया।

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई के न्यायालय में मामला**

**क्रमांक: 202307101000136/**

**विषय:- अ-6 मामले की श्रेणी:- राजस्व**

**सन:- 2022 2023**

**कोहका प.ह.न.00045 [ 979/1 ( 0.1200 हे. ) ]**

पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार -शुशील कुमार मेहरा, सुशील कुमार मेहरा

अनावेदक पक्षकार - कांता बे. दिलीप सिंह,

आवेदक - शुशील कुमार मेहरा पिता/पति विभाग-स्व दिलीप चंद्र मेहरा पता- कोहका भिलाई द्वारा ग्राम-कोहका प.ह.न. 45 रा.नि.म. कोहका, तहसील व जिला - दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि ख.न. 979/1 रकबा 0.120 हे. है जो आवेदक के माता कांता बेवा दिलीप सिंह के नाम पर दर्ज है। भूमिस्वामी कांता बेवा दिलीप सिंह की मृत्यु दिनांक 12.06.2014 को हो जाने के कारण मृतक का नाम खाते से विलोपित कर उसके वैध वारिसनो का नाम दर्ज किये जाने एवं मूल ऋण पुस्तिका गुम जाने कारण डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका हेतु आवेदन पत्र मय खसरा बी.1. मृत्यु प्रमाण पत्र, चलान, की छाया की प्रति प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 14.08.2023 तक स्वयं अथवा अपने अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर आवेदन पेश कर सकते है समयवधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 21/07/2023 को जारी किया जाता है।

GURUDATT PANCHBHAYE
अतिरिक्त तहसीलदार
भिलाई नगर (छ.ग.)

(मुहर)



**रायपुर। श्री छत्तीसगढ़ कच्छा कडवा पाटीदार महिला सघ द्वारा वृक्षारोपण कीया गया।**

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
K. Satyanarayan
Mo.9300771925, 0788-4030919

ॐ SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

## खास-खबर



### मुंह में छिपकली घुसने से मासूम की मौत, घर के पास खेल रहा था तीन साल का बच्चा

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां एक बच्चे की आश्चर्यजनक तरीके से मौत हो गई। तीन साल का बच्चा अपने घर के पास खेल रहा था। बताया जा रहा है कि बच्चे के मुंह में छिपकली घुस गई और इसके कारण बच्चे की मौत हो गई। बच्चे की मौत से परिवार में मातम पसर गया है। वहीं घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने बच्चे के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। यह पूरा मामला कोरबा जिले के बांकीमोंगरा थाना क्षेत्र का है। यहां के नागिनभांटा मोहल्ले में रहने वाले राजकुमार पांडेय का तीन साल का बेटा जगदीश घर के पास खेल रहा था। उसकी मां पास में ही दुकान में कुछ सामान लेने गईं हुई थी। इस दौरान एक छिपकली मासूम के मुंह में घुस गई। छिपकली के मुंह में घुसने से मासूम की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा की कार्रवाई पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। छिपकली के मुंह में घुसने से मौत का यह अलक ही मामला है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद मौत की असली वजह का पता चल पाएगा।

# सट्टा की रकम वसूली के लिए भिलाई में बढ़ रही किडनैपिंग चार दिन के भीतर दो कांड, दो आरोपी गिरफ्तार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** ऑनलाइन सट्टे का कारोबार और उसकी रकम वसूली के लिए किडनैपिंग के मामले भिलाई में बढ़ने लगे हैं। सप्ताह भेर के भीतर दो मामले सामने आ गए हैं। ताजा मामले में सट्टे की रकम वसूली के लिए पिस्टल की नोक पर अपहरण का मामला सामने आया है। इस मामले में शिकायत के बाद पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के तार दुबई से जुड़े हुए हैं। जो कि भिलाई में दीपक नेपाली के लिए काम कर रहे हैं। पुलिस किडनैपिंग सरगना दीपक नेपाली की सरगर्मी से तलाश कर रही है। एसपी शलभ कुमार सिन्हा ने सोमवार को इस मामले का खुलासा किया।

दरअसल इस मामले में 22 जुलाई को भिलाई नगर थाने में शिकायत दर्ज कराई गई थी। सेक्टर-7 सड़क 21 निवासी सरकार टंडन ने शिकायत दर्ज करते हुए बताया कि 18 जुलाई को बलजीत सेठिया उसका साला बब्बी जबरदस्ती उसे अपने काले रंग की बलेनो कार क्रमांक सीजी 07 सीएम 8628 में बैठा कर सुपेला की ओर ले गए। कार के अंदर बलजीत सेठिया ने काले रंग पिस्टल निकाल कर सरकार टंडन की कनपटी में टिका कर 5 लाख रुपए मांगे, पैसा नहीं देने पर गोली मारने की धमकी दी। दूसरे दिन सुबह फिर से बलजीत सेठिया अपने साले बब्बी के साथ आया और पिस्टल टिका कर रुपए मांगे। सरकार टंडन डर गया और दूंगा जिससे डरकर प्रार्थी के द्वारा बलजीत सेठिया को यूपीपआई के माध्यम से 19 जुलाई की रात 7:20 बजे 50 हजार रुपए और रात 8:20 बजे 50 हजार रुपए ट्रांसफर किया। सरकार टंडन की शिकायत पर पुलिस ने 365, 386 भादवि 25, 27 आर्म्स एक्ट तहत अपराध दर्ज किया।

अपराध दर्ज होने के बाद पुलिस ने दोनों आरोपियों की तलाश शुरू की। इस बीच दोनों आरोपियों को भनक लग गई कि पुलिस कभी उन्हें गिरफ्तार कर सकती है इसलिए वे भागने की फिराक में थे। इससे पहले आरोपी भाग जाते पुलिस ने घेराबंदी कर उन्हें गिरफ्तार किया। पुलिस ने किडनैपिंग व धमकाने के मामले में बलजीत सेठिया (46) निवासी चौहान ग्रीन वैली, और मलकीत सिंह उर्फ बब्बी (35) निवासी गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने एक पिस्टल, 3 जिंदा कारतूस, बलेनो कार और मोबाइल जब्त किया गया है।



### दो दिन पहले भोपाल से हुआ था अपहरण

इससे पहले 22 जुलाई की रात को भी पुलिस के पास ऐसे ही अपहरण की शिकायत पहुंची थी। धमतरी निवासी रामकृष्ण साहू ने सुपेला थाना प्रभारी दुर्गेश शर्मा को मोबाइल पर सूचना देते हुए बताया कि उनके पुत्र योगेश साहू व उसके दोस्त सन्नी सिन्हा को कुछ लोगों ने भोपाल से बंधक बनाकर भिलाई लेकर पहुंचे हैं। सूचना के बाद सुपेला पुलिस एक्टिव हुई और जल्द ही दोनों युवकों को अपहरण कर्ताओं के चंगुल से छुड़ाया। पुलिस ने इस मामले में घटना में शामिल शाहरूख खान उर्फआशु, चन्द्रेश वर्मा उर्फपप्पू, राहुल सिन्हा व आकाश साहनी को अलग-अलग जगह से गिरफ्तार किया। आरोपियों के पास से मोबाइल, कार, बाइक कीमती करीबन 12 लाख बरामद किया गया।

## भिलाई के सटोरिए झारखंड के हजारीबाग में चला रहे थे ऑनलाइन सट्टा, 6 गिरफ्तार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** ऑनलाइन सट्टा के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। इस बार पुलिस ने झारखंड के हजारीबाग जिले में संचालित ऑनलाइन सट्टा के एक ब्रांच को ध्वस्त किया है। भिलाई में रहने वाले तीन सगे भाई एक साथ मिलकर इस पैनल का संचालन कर रहे थे। आरोपितों के पास से तीन नग लैपटाप, 17 मोबाइल, दो नग पोर्टेबल वाई फाई राउटर और विभिन्न बैंकों के एटीएम कार्ड, चेकबुक और पासबुक जब्त किए गए हैं। आरोपियों के खिलाफ जामुल थाना में छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम की धाराओं के तहत कार्रवाई की जा रही है।

इस मामले का खुलासा करते हुए एसपी शलभ सिन्हा और अन्य अधिकारियों ने बताया कि झारखंड के हजारीबाग जिला के चौपारण में एक किराये के मकान में रेड्डी अन्ना एप के बुक नंबर 244 का संचालन किया जा रहा था। आरोपितों के ठिकाने की जानकारी मिलने पर पुलिस ने वहां दबिश दी और छह आरोपितों को गिरफ्तार किया। आरोपितों में प्रकाश सिंह (30) आनंद सिंह (27) और रिशु सिंह (25) सगे भाई हैं और तीनों हाउसिंग बोर्ड दादर चरोदा भिलाई के निवासी हैं। इनके साथ नितेश कुमार सिंह (26)



निवासी संग्राम चौक कैंप-1, आकाश महानंद (21) निवासी माडल टाउन इंद्रा नगर और रवि उर्फ गोलू तांडी (29) निवासी माडल टाउन इंद्रा नगर को गिरफ्तार किया गया है।

एसपी सिन्हा ने बताया कि यह सभी आरोपी करीब डेढ़ महीने पहले तक बिहार के औरंगाबाद में ऑनलाइन सट्टा का पैनल संचालित कर रहे थे। पुलिस वहां भी गई थी लेकिन, आरोपितों को इसकी भनक लग गई और आरोपी वहां से भाग निकले थे। उनके दूसरे ठिकाने की जानकारी मिलने के बाद हजारीबाग में जाकर दबिश दी गई और आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के पास से लाखों रुपए के सट्टा का हिसाब किताब मिला है। साथ ही कुछ अन्य आरोपियों के बारे में भी जानकारी मिली है, जिनकी पतासाजी की जा रही है।

## रात में खाने में मछली नहीं दी तो सौतेले बेटों ने कर दी पिता की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** सरगुजा जिले के अंबिकापुर में दिल दहलादेने वाला मामला सामने आया है। यहां पर एक पिता की उसके सौतेले बेटों ने कुल्हाड़ी मार कर हत्या कर दी। बताया जा रहा है कि सौतेले पिता ने रात को खाने में मछली नहीं दी तो दोनों ने सुबह अपने पिता की हत्या कर दी। घटना की सूचना के बाद पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों में एक नाबालिक है। मामला अंबिकापुर शहर से लगे कांतिप्रकाशपुर का है।

मिली जानकारी के अनुसार सोमवार की सुबह कल्लू बखला (48) नाम के व्यक्ति की उसके ही सौतेले बेटों ने कर दी। दरअसल कल्लू की पहली पत्नी की मौत के बाद उसने तीन बच्चों की मां से दूसरी शादी की थी। जिसमें दो बेटे व एक बेटी है। वहीं उसकी पहली पत्नी से दो बच्चे है। बताया जा रहा है कि कल्लू बखला रविवार रात मछली लेकर आया था। उसने अपनी सौतेली बेटी को मछली खाने को दी, लेकिन दोनों बेटों को यह कहते हुए मछली खाने को नहीं दी कि वे घर खर्च के लिए पैसे नहीं देते। इसे लेकर कल्लू का अपने सौतेले बेटों से विवाद हुआ जो रात में बढ़ता चला गया। विवाद के बाद सुबह करीब चार बजे दोनों बेटों ने कुल्हाड़ी निकाल से पिता कल्लू बखला के सिर और गले पर कई बार वार कर दिए।

## मनी लॉन्ड्रिंग मामला: हाई कोर्ट से अनवर ढेबर को मिली बड़ी राहत

**बिलासपुर।** कारोबारी अनवर ढेबर के मामले में सोमवार को बिलासपुर हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। अनवर ढेबर ने अंतरिम जमानत के लिए अर्जी दाखिल की थी, जिसे कोर्ट ने मंजूर कर लिया है। कारोबारी अनवर ढेबर को कोर्ट द्वारा मेडिकल ग्राउंड पर राहत मिली है। यह सुनवाई जस्टिस दीपक तिवारी की सिंगल बेंच में हुई है। बता दें कि कारोबारी अनवर ढेबर को मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में ईडी ने गिरफ्तार किया था।



याचिकाकर्ता अनवर ढेबर के अधिवक्ता मतीन सिद्दीकी ने बताया कि मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में कारोबारी अनवर ढेबर को छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने बड़ी राहत मिली है। हाईकोर्ट ने ढेबर को 3 हफ्ते के लिए अंतरिम जमानत दे दी है। ढेबर ने मेडिकल ग्राउंड पर अंतरिम जमानत मांगी थी, जिसे कोर्ट ने मंजूर कर लिया। प्रवर्तन निदेशालय द्वारा कारोबारी अनवर ढेबर को मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में गिरफ्तार किया था, जिसके बाद बिलासपुर हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान अंतरिम जमानत याचिका को मंजूर कर ली गई है। हाईकोर्ट में आगामी सुनवाई के दौरान ईडी की ओर से जवाब प्रस्तुत किया जाएगा ।

## तेज बहाव में नाला पार करना पड़ा भारी, बाइक सहित नाले में बहा युवक, कुछ दूरी पर तैरकर निकला बाहर

**भिलाई।** बारिश के इस मौसम में छत्तीसगढ़ के नदी नाले उफान पर हैं। इस दौरान लोगों द्वारा जान जोखिम में डाल कर नदी नाले पार किए जाने की कई खबरे आ रही हैं। इस बीच दुर्ग जिले के कुम्हारी थाना अंतर्गत उफनते नाले में बाइक साथ युवक बह गया। दरअसल युवक तेज बहाव में बाइक के साथ नाला पार कर रहा था इस दौरान वह बह गया। हालांकि युवक तैर कर कुछ दूरी पर बाहर निकल आया। वहीं पानी कम होने के बाद बाइक भी बरामद कर लिया गया। इस पूरी घटना की जानकारी इसका वीडियो वायरल होने के बाद सामने आई।



मिली जानकारी के मुताबिक चोरहा गांव निवासी युवक जजंगिरी दादर से लौट रहा था। इस दौराख्र रास्ते में नाला आया जो कि काफी उफान पर था। तेज बहाव में सड़क के ऊपर से बह रहा था। युवक ने उफनते नाले को देखने के बाद भी बाइक से सड़क पार करने का प्रयास शुरू कर दिया। जैसे ही वह सड़क के बीच में पहुंचा, पानी के तेज बहाव में बाइक फंस गई। इसके बाद वह काफी देर तक संभलने का प्रयास करता रहा, लेकिन फिर बाइक सहित नाले में बह गया।

घटना कुम्हारी थाना क्षेत्र के सुरजीडीह गांव के पास जजंगिरी नाला की है। इसे पार करते हुए बाइक के साथ युवक उसमें बह गया। हालांकि युवक को तैरना आता था, ऐसे में वह कुछ दूर जाकर बाहर आ गया। वहीं उसकी बाइक भी नाले का पानी कम होने के बाद बरामद कर ली गई है। इधर दुर्ग एसपी शलभ कुमार सिन्हा ने लोगों से अपील की है कि, बरसात के समय अधिकतर नदी नाले उफान पर हैं। ऐसे में लोगों उफनती नदी, नाले पार न करें और खुद को सुरक्षित रखें।

### छत्तीसगढ़ में पकड़ाए डीजल चोर

## आधी रात को सड़क पर खड़े वाहनों से निकालते थे डीजल, 700 लीटर जब्त

श्रीकंचनपथ न्यूज

**जांजगीर चांपा।** सड़क किनारे खड़ी वाहनों से डीजल चुराने वाला गिरोह पुलिस की गिरफ्त में आया है। जांजगीर चांपा जिले की पुलिस ने गिरोह को गिरफ्तार कर इनके पास से 700 लीटर डीजल जब्त किया है। जब्त डीजल की कीमत 66 हजार 500 रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 379, 34 के तहत कार्रवाई की है। पुलिस ने डीजल चोरी के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले कार को भी जब्त किया है। मामला जांजगीर चांपा जिले के बलौदा थाना क्षेत्र का है।

मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को यहां रोजाना डीजल चोरी की शिकायतें मिल रही थीं। ग्राम खिसोरा और बिरगहनी से कोरबा, बिलासपुर मुख्यमार्ग पर रात को चलने वाले वाहनों से



डीजल चोरी घटनाएं हो रही थी। इसके बाद पुलिस ने अलब अलग टीम बनाकर साइबर सेल की मदद से छह संदिग्धों को हिरासत में लिया। पूछताछ में इन लोगों ने सड़क किनारे खड़े वाहनों से डीजल चुराने की बात मानी।

आरोपियों से पूछताछ करने पर बताया कि चोरी के डीजल को बाजार में बेचते थे। आरोपियों के पास से चोरी किया डीजल को जो कि 19 डिब्बों में भरा हुआ 700 लीटर डीजल बरामद किया गया है। साथ ही चोरी के लिए उपयोग करने वाले लोहे का रॉड और कार क्रमांक सीजी 04 केएल 2344 स्विफ्ट डिजायर को जब्त किया गया है। सभी आरोपी रात को 12 से 2 बजे के बीच डीजल की चोरी करते थे। आरोपियों के विरुद्ध धारा 379,34 के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

## महिला कर्मचारी से छेड़छाड़ व अश्लील हरकत छत्तीसगढ़ आजीविका मिशन का अफसर गिरफ्तार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में अधीनस्थ महिला कर्मचारी से छेड़छाड़ के आरोप में आजीविका मिशन के ब्लॉक प्रोजेक्ट मैनेजर को गिरफ्तार किया गया है। यह मामला जिले के चारामा थाना क्षेत्र का है। महिला कर्मचारी ने उक्त अफसर पर छेड़छाड़ व अश्लील हरकतें करने का आरोप लगाया है। महिला कर्मचारी की शिकायत के बाद चारामा पुलिस ने अफसर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

इस मामले में चारामा पुलिस ने बताया कि चारामा ब्लाक में ग्रामीण आजीविका मिशन के परियोजना प्रबंधक अनिल मिश्रा पर अधीनस्थ महिला कर्मचारी ने शिकायत दर्ज कराई है। महिला का आरोप है कि ड्यूटी के दौरान अनिल मिश्रा अभद्र हरकतें करता है। महिला का कहना है कि अनिल मिश्रा दोस्ती करने का दबाव देता है और दोस्ती करने पर वेतन बढ़ाने का लालच देता है। महिला ने आरोप लगाया कि इस दौरान अफसर द्वारा यहां वहां हाथ फेरकर छेड़खानी की।



महिला ने यह भी बताया कि इस मामले में उसने स्थानीय विधायक से भी शिकायत की लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। महिला की शिकायत के बाद पुलिस ने अनिल मिश्रा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने बताया कि अफसर के खिलाफ पहले भी इस प्रकार की शिकायतें मिल चुकी हैं। इससे पहले अफसर जहां पदस्थ था वहां पर वह महिला कर्मचारियों से छेड़छाड़ करता था। हालांकि उस मामले में पुलिस के पास शिकायत नहीं पहुंची थी।


सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:- 9303289950, 9827806026, 8962815243

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान
कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षों से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध
Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

House of tiles
Complete Range of Tiles, Marble And Granite in One Shop
KESWANI TILSE
कृष्णा टाकिज रोड, राजा स्टील के सामने, रिसाली, भिलाई (छ.ग.)
Mo. _- 82349 - 21000

भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

भारतीय बैग हाउस
VIP happy journey
AMERICAN TOURISTER
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता: 93003-77572

## खास - खबर

### बीएसपी सीएसआर द्वारा बोड़ेगांव में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग द्वारा 22 जुलाई, 2023 को बोड़ेगांव में नि:शुल्क चिकित्सा षिविर का आयोजन किया गया। प्रात: 10 बजे से प्रारंभ हुए षिविर में सामान्य जांच, शुगर, बीपी के अतिरिक्त नि:षुल्क दवाएं भी प्रदान की गई। इस षिविर में कुल 25 लोगों की जांच करके उनको दवाई वितरण किया गया, जिसमें 15 पुरूष, 10 महिलाएं शामिल थी। बोड़ेगांव में आयोजित चिकित्सा शिविर में सीएसआर मेडिकल टीम की से चिकित्सक डॉ ईशा कुजूर, बीपी व शुगर परीक्षण हेतु श्रीमती फिरोजा जोसेफ, फार्मासिस्ट ए एस गौर, पंजीकरण हेतु शंभु तथा सीएसआर विभाग की ओर से श्रीमती सीता सिन्हा उपस्थित थी। भिलाई इस्पात संयंत्र अपने आस-पास के परिधीय क्षेत्रों में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य की नि:शुल्क सुविधा काफी लंबे समय से उपलब्ध कराता आ रहा है। इसका उद्देष्य दूरस्थ ग्रामीण एवं वनांचल क्षेत्र में रहने वाले लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना है।

### नेताम परिवार के सदस्यों द्वारा देहदान की घोषणा

**भिलाई।** सेक्टर 7 भिलाई निवासी नेताम परिवार के मधुर कान्त नेताम, श्रीमती योगिता नेताम,कुलेश्वरी व् सरिता नेताम ने एक साथ अपने देहदान की शपथ ले वसीयत नव दृष्टि फाउंडेशन के कुलवंत भाटिया,राज आढ़तिया,रितेश जैन,हरमन दुलाई,यतीन्द्र चावड़ा को सौंपी अरुण नेताम,अतिका ,आरव,गिरीश,साईसा नेताम ने देहदान हेतु सहमति दी। श्रीमती योगिता नेताम व उनकी बहन सरिता शिक्षिका हैं व् मधुर कान्त नेताम बीएसपी कर्मी हैं एवं पूरा परिवार पूजा पाठ करता है व् ईश्वर पर गहरी आस्था है अत: परिवार ने देहदान जैसे पुण्य कार्य करने का निर्णय लिया योगिता का मानना है यदि हमारी देह इससमाज के कार्य आए तो हमारा जीवन सार्थक होगा,हमारी इच्छा है कि हमारी मृत्यु के बाद हमारे नेत्र दान किए जाएं व हमारा शरीर मेडिकल के छात्रों की रिसर्च हेतु उपयोग हो।

### 29 जुलाई को मदिरा दुकानें रहेंगी बन्द

**दुर्ग।** कलेक्टर पुष्पेन्द्र कुमार मीणा ने 29 जुलाई 2023 को मोहर्रम के अवसर पर जिले में मदिरा दुकानों के लिए शुष्क दिवस घोषित किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 29 जुलाई, शनिवार को जिले में संचालित सभी प्रकार की मदिरा दुकानें एवं लायसेंस अर्थात् सी.एस.-2 (घच), सी.एस.-2 (घच कम्पोजिट), एफएल.-1 (घच), एफएल.-1 (घच कम्पोजिट), एफएल.-3 (होटल बार), एफएल.-3 (क), एफएल.-4 (असैनिक विनोद गृह), एफएल.-4ए (व्यवसायिक क्लब), एफएल.-7/8 (सैनिक कैंटीन), एफएल.-9/9ए एवं भण्डारण भाण्डागार भिलाई पूर्णत: बंद रहेंगे।

### जय हनुमान सेवा वाहिनी ने निकाली कावड़ यात्रा, हजारों भक्तों ने दिया सदभावना का संदेश

# शिवनाथ में स्नान कर कांवड़ में जल लेकर पैदल निकले विधायक देवेंद्र यादव, देवबलौदा के प्राचीन शिवमंदिर में किया रुद्राभिषेक

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। भिलाई और पूरे छत्तीसगढ़ की जनता, किसान, मजदूर, आम नागरिकों के हित और विकास के साथ ही सभी की सुख-शांति और समृद्धि की कामना लेकर सोमवार को भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने भव्य कावड़ पद यात्रा की शुरूआत की। हजारों भक्तों के साथ जय-जय महाकाल, बोल बम के जयकारे के साथ कांवड़ यात्रा निकाली गई है। शिवनाथ नदी से जल लेकर विधायक देवेन्द्र यादव ने कांवड़ यात्रा शुरू की और देवबलौदा के प्राचीण मंदिर पहुंचकर महादेव का रुद्राभिषेक किया।**





सबसे पहले सुबह करीब 6 बजे पवित्र शिवनाथ नदी दुर्ग में भक्तों ने स्नान किया। शिवनाथ तट पर स्थित शिवालय में भगवान शंकर की आराधना की। शिवलिंग में दूध और जल से महाअभिषेक किया गया। इसके बाद संकल्प लेकर देवबलौदा स्थित भोलेबाबा की प्राचीन मंदिर में जल चढ़ाने के लिए भक्तों के साथ पैदल कांवड़ में जल लेकर निकले। इस बार 1 हजार से अधिक महिलाएं भी कांवड़ यात्रा में शामिल हुए।

नंगे पैर बारिश में भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव हजारों भक्तों के साथ कांवड़ यात्रा कर रहे है। कांवड़ यात्रा का पूरे शहर भर में जगह-जगह पर हर चौक में भव्य स्वागत किया गया। शिवनाथ नदी के निकलने के बाद गंजपारा चौक में सैकड़ों भक्तों ने कांवड़यात्रियों पर पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया। इस दौरान फल-जूस आदि का वितरण किया गया।

#### सभी धर्म के लोगों ने किया कांवड़ यात्रा भव्य स्वागत

कांवड़ यात्रा दुर्ग शिवनाथ नदी से गंज पारा से सीधे सांइस कालेज होते हुए वायशेप ब्रिज से होकर सेक्टर 9 चौक पहुंची। जहां शहर के मुस्लिम समाज के प्रभूत्वजनों सम्मानित नागरिकों ने कांवड़ यात्रा का भव्य स्वागत किया। कांवड़ यात्री का फूलों का हार पहनाएं और पुष्प वर्षा कर स्वागत किये। बाबा भोलेनाथ के भक्तों को फल और जूस वितरण किए और भाईचार, सदभावना का परिचय दिए। सिर्फ यही नहीं ईसाई,सिक्ख समाज के अलावा यादव,कुर्मी क्षत्रिय समाज, सतनामी, देवांगन समाज, बड़बलिजा जातीय संगम के सम्मनित नागरिकों ने जमकर स्वागत किया। बाबा भोलेनाथ के भक्तों को शीतल जल,फल,पुष्प अर्पित किए और हर हर महादेव के जयकारे के साथ कांवड़ यात्रियों के साथ महादेव की आराधना की।

#### सेक्टर 4 में महादेव के 11 ज्योतिलिंग के एक साथ हुए दर्शन

इस यात्रा में बेहद आकर्षक झांकी भी है। जिसे देखने के लिए हजारों लोगों की भीड़ उमड़ी रही। पूरा शहर शिवमय हो गया है। चारो ओर सिर्फ हर हर महादेव के जय कारे सुनाई दे रहे हैं। डीजे में बाबा भोलेनाथ के भक्ति गीत से भक्त झूम रहे है। चारो ओर सिर्फ बोल बम के जयकारे सुनाई दे रहे है। पहली बार कांवड़ यात्रा में भी में एक साथ 11 ज्योर्तिलिंगों के एक साथ दर्शन भी हो रहे है। सेक्टर 4 चौक में भक्तों ने झांकी बनाई है जो भक्तों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

#### दुर्ग महापौर ने किया स्वागत, फल बांटे

दुर्ग के महापौर धीरज बाकलीवाल ने कांवड़ यात्रियों का भव्य स्वागत किये। भक्तों को फल, जल, वितरण किए। सभी भक्तों को पुष्प की माला पहनाया। इनके साथ ही महाराष्ट्र मंडल, भिलाई तेलगा समाज सेक्टर 4 जगन्नाथ सेवा समिति, सेवा परमो धर्म, नव उपासना सेवा समिति सेक्टर 5 ने भी जमकर स्वगत किया।

#### हजारों भक्तों ने पाया बाबा का महा प्रसाद

भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव द्वारा भव्य कावड़ यात्रा निकाली जा रही है। सुबह 6 बजे शिवनाथ नदी से निकली कावड़ यात्रा सेक्टर 4 चौक पार कर चुकी है। कावड़ यात्रा का भव्य स्वागत सत्कार करने बाबा भोलेनाथ के भक्तों की सेवा करने के लिए जगह-जगह चौक चौराहों पर पंडाल लगाए गए हैं। अलग-अलग संस्था समाज के द्वारा लगाए गए इन पंडालों में बाबा के भक्तों को महा प्रसादी का वितरण किया जा रहा है। कहीं पर फल,शरबत, तो कहीं पर पोहा, साबूदाना,जूस आदि भक्तों को प्रसाद के रूप में वितरण किया जा रहा है। हजारों की संख्या में भक्त इस यात्रा में शामिल हुए हैं।

## निगम परिसर मंदिर में किया भगवान शिव का रुद्राभिषेक

श्रीकंचनपथ न्यूज



**दुर्ग।** निगम परिसर स्थित दुर्गा मंदिर में सावन के तीसरे सोमवार को विधायक अरुण वोरा,महापौर धीरज बाकलीवाल,आयुक्त लोकेश चन्द्राकर एवम सभापति राजेश यादव ने एमआईसी सदस्य,पार्षदो और नगर निगम अधिकारी/कर्मचारियो के बीच पूरे विधि विधान एवम वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच भगवान शिव की आराधना कर रुद्राभिषेक अनुष्ठान की शुरुवात भगवान शंकर के पुत्र भगवान गणेश की पूजा-अर्चना के साथ हुई।

शिव भक्तों ने व्रत रखा। सुबह निगम परिसर के दुर्गा मंदिर परिसर में शिवालय में भगवान शिव को जलार्चन कर पूजन अर्चन हुआ।भोलेनाथ को भक्तों ने बेलपत्र, पुष्प,भांग धतूरा व प्रसाद चढ़ाया गया।श्रद्धालुओं ने दर्शन पूजन और जलाभिषेक किया। इस दौरान निगम परिसर के दुर्गा मंदिर में शिवालय जयकारे से गूंजते रहे।सावन के तीसरे सोमवार को शिव भक्तों के साथ विधायक अरुण वोरा,महापौर धीरज बाकलीवाल ने विधि-विधान के साथ भगवान शिव का रूद्राभिषेक किया और प्रदेश में सुख-समृद्धि एवं अच्छी वर्षा की कामना की। शहर और प्रदेश की खुशहाली और समृद्धि के लिए भगवान शिव की रुद्राभिषेक कर क्षेत्रवासियों को दी शुभकामनाएं।कार्यक्रम में एमआईसी सदस्य संजय कोहले,दीपक साहू,अब्दुल गनी,जमुना साहू,पार्षद श्रद्धा सोनी, निर्मला साहू,अजय गुप्ता,रत्ना नारमदेव, कार्यपालन अभियंता दिनेश नेताम,गिरीश दिवान, संजय ठाकुर,राज कमल बोरकर,दुर्गेश गुप्ता, जावेद अली,शुभम गोइर,राजू चंद्राकर, शशिकांत यादव, लता यादव,साक्षी वर्मा,योगेंद्र वर्मा, विनीत वर्मा,योगेश सूरे,रेखा कुर्रे,निकिता मिलिंद,ईश्वर वर्मा के अलावा शिव भक्तगण मौजूद रहें।

## नगर सेवाएं विभाग में राजभाषा कार्यशाला पुरस्कार का वितरण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएँ विभाग के सभागार में 21 जुलाई 2023 को 'राजभाषा परिचर्चा-सह-कार्यशाला' का आयोजन सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबन्धक जितेन्द्र यादव सपकाले तथा महाप्रबन्धक प्रभारी एस प्रहराज विशेष रूप से उपस्थित थे। मुख्य महाप्रबन्धक जितेन्द्र यादव सपकाले ने अपने उद्बोधन में राजभाषा में कार्य सम्पादन के क्षेत्र में विभागीय कार्मिकों के सतत् अग्रशील होने पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह इस क्रम को आगे कायम रखने की दिशा में आवश्यक सुविधाएँ प्रदान करने में अपनी सहमति दी। कार्यक्रम का प्रारंभ सहायक महाप्रबन्धक एवं हिन्दी समन्वय अधिकारी यशवन्त कुमार साहू ने स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत करते हुए किया। कनिष्ठ अधिकारी मुकुन्द दास मानिकपुरी ने कार्यक्रम की भूमिका पर चर्चा करते हुए विगत दिनों संपन्न हुइ नारा एवं निबन्ध लेखन प्रतियोगिताओं का विवरण प्रस्तुत किया और कार्यशाला का संचालन किया।




पुण्य स्मरण....





श्रीकंचनपथ की संस्थापक-संपादक

स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल जन्म : 23 अप्रैल 1968 निर्वाण: 25 जुलाई 2012

का जीवन, कृतित्व और व्यक्तित्व आज इस समाचार पत्र के माध्यम से हम सबके बीच विद्यमान है। रचनाधर्मिता को ही अपना जीवन और आजीविका मानने वाली हमारी पथप्रदर्शक स्व. श्रीमती रजनी कहती थीं, ठहरा हुआ तो पानी भी खराब हो जाता है। हमें निरंतर कुछ न कुछ नया करते रहना चाहिए। पहले किसी ने नहीं किया, किसी ने ऐसा नहीं सोचा - यह उक्ति भय नहीं प्रेरणा का स्रोत है। यदि हम किसी क्षेत्र में नई पहल करते हैं तो उसकी सफलता की संभावना ही अधिक होती है। श्रीकंचनपथ परिवार (मीडिया हाऊस) ने हमेशा इस बात का ध्यान रखा है और आगे भी रखता रहेगा। चौदह वर्षों की हमारी यात्रा इस बात का गवाह है कि प्रत्येक नई पहल का पाठकों, शुभचिन्तकों और सहयोगियों ने हमेशा स्वागत किया और नई राहें निकलती चली गईं।

आज पुण्यतिथि पर उनका पुण्य स्मरण करते हुए

श्रीकंचनपथ परिवार (मीडिया हाऊस) उनके आगे श्रद्धावनत् है...

स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल जी

को उनकी

पुण्यतिथि पर पुण्य स्मरण....

श्रीकंचनपथ | Harsh Media Advertisers | SHREE KP NEWS


## श्री जगन्नाथ मंदिर में श्रावण उत्कल क्वीन प्रतियोगिता का आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। जगन्नाथ समिति के तत्वधान में श्री जगन्नाथ मंदिर सेक्टर 4 में श्रावण उत्कल क्वीन प्रतियोगिता -2023 का शानदार आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में उत्कलिय बहनों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। यह प्रतियोगिता विभिन्न आयु वर्ग के लिए 3 वर्गों में आयोजित की गई थी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बीएसपी के मुख्य चिकित्सालय के अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं नेत्र रोग विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. जयश्री प्रधान, विशेष अतिथि के रूप में डॉक्टर सीमा मिश्र तथा श्रीमती ज्योति सतपथी मंचस्थ रहीं।**





निर्णायक के रूप में ख्यातिलब्ध भरतनाट्यम नृत्यांगना सुश्री आर कविता, मॉडल व मेकअप आर्टिस्ट सुश्री ईशा जायसवाल और छत्तीसगढ़ फिल्म की कलाकार सुश्री अंजलि साहू ने अपनी उपस्थिति दी। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र सतपति तथा महासचिव सत्यवान नायक विशेष रूप से उपस्थित थे इस प्रतियोगिता के संयोजन में समिति के पदाधिकारी त्रिनाथ साहू, भीमसेन स्वाईं तथा रंजन महापात्र ने विशेष योगदान दिया। प्रतिभागियों का मूल्यांकन उनके वेशभूषा, केश विन्यास, मेकअप, भाव भंगिमा तथा उनके आत्मविश्वास के आधार पर किया गया। प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा से प्रतियोगिता में जलवे बिखेरे। इसके साथ ही अपने गीत संगीत गायन व नृत्य से दर्शकों का मन मोह लिया। उपस्थित अतिथियों व प्रतिभागियों का स्वागत समिति के अध्यक्ष श्री वीरेंद्र सतपथी तथा आभार समिति के महासचिव श्री सत्यवान नायक ने किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में रश्मि नायक, प्रज्ञा महापात्र, नंदनी महापात्र, उमा स्वाईं, ज्योति स्वाईं आदि युवा महिला सदस्यों ने योगदान दिया। प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार रहे:-प्रथम वर्ग में मानिनी रथ, द्वितीय वर्ग में शारदा साहू तथा तृतीय वर्ग में सैला दलाई ने विजेता का खिताब जीतकर श्रावण उत्कल क्वीन-2023 के ताज पर अपना कब्जा जमाया। इसके तहत विजेताओं को अतिथियों द्वारा ताज तथा क्वीन का पट्टा पहनाकर सम्मानित किया गया। साथी इन विजेताओं को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह भी प्रदान किया गया।

इसके अतिरिक्त प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय वर्ग की उपविजेता रही क्रमश: निकिता साहू,गिरिजा स्वाईं, मधुस्मिता दास। इन्हीं वर्गों में द्वितीय उपविजेता रही क्रमश: मानस्विनी रथ, नूपुर पाणिग्रही, लक्ष्मी लेंका। इसके साथ ही बेस्ट स्माइल के लिए झुनू मोहंती बेस्ट मेकअप के लिए सष्मिता पटनायक, बेस्ट परिधान के लिए स्वर्ण लता पाल को भी पुरस्कृत किया गया।

प्रतियोगिता में भाग लेने वाले शेष प्रतिभागियों को भी प्रतिभागिता पुरस्कार से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित डॉ जयश्री प्रधान ने विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाली प्रत्येक महिला विजेता है। प्रतियोगिता में भाग लेना एक साहस का काम है। आप सभी घरेलू महिलाओं ने जिस ऊर्जा व उत्साह से इसमें भाग लिया वह काबिले तारीफहै। जगन्नाथ समिति के सभी सदस्यों को धन्यवाद देती हूं कि उन्होंने इतना बेहतरीन आयोजन किया। विशेष अतिथि के रुप में उपस्थित डॉक्टर सीमा मिश्रा तथा श्रीमती ज्योति सतपथी ने भी प्रतिभागियों को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रतियोगिता सत्र का संचालन श्रीमती लूसी नायक ने किया। इस समारोह में जगन्नाथ समिति के अध्यक्ष वीरेन्द्र सतपथी व महासचिव सत्यवान नायक सहित समिति के पदाधिकारी सर्वश्री त्रिनाथ साहू,भीम स्वांई, रंजन महापात्र,डी त्रिनाथ, बीसी बिस्वाल, वृंदावन स्वांई,बसंत प्रधान,सुशान्त सतपथी, एस सी पात्रो,जगन्नाथ पटनायक,रवि स्वांई, कालू बेहरा, निरंजन महाराणा, सीमांचल बेहरा, एस दलाई सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950